रोहतक
गुरुवार 10 सितंबर 2026
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष, अमावस्या वर्ष : 30, अंक : 217
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 38.5°C
न्यून. 23.0°C

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 विमेंस एशिया कप सेमीफाइनल : आज बांग्लादेश से भिड़ेंगी टीम इंडिया




## खबर संक्षेप

### उमर नबी ही लाल किला ब्लास्ट का मास्टरमाइंड

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार ब्लास्ट का मास्टरमाइंड आतंकी उमर उन नबी था। एनआईए ने बुधवार को चार्जशीट में ये जानकारी दी। धमाके वाली कार को नबी खुद चला रहा था। ब्लास्ट में उसकी मौत हो गई थी। एजेंसी के अनुसार, नबी उर्फ पिंडा और राहुल भट 2022 की शुरुआत से निष्क्रिय हो चुके अंसार गजवत-उल-हिंद मॉड्यूल को फिर से खड़ा करने की कोशिश कर रहा था। इस मॉड्यूल को अल-कायदा इन द इंडियन सब-कॉन्टिनेंट से जुड़े नए रूप के तौर पर बताया गया है। 10 नवंबर 2025 को लाल किले के पास शाम करीब 6:50 बजे हुए कार ब्लास्ट में 11 लोगों की मौत और 29 लोग घायल हुए थे। *एजेंसी*

### तमिलनाडु में टीवीके के नेतृत्व में बना गठबंधन



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय की अध्यक्षता में सहयोगियों की बैठक में टीवीके के नेतृत्व वाले गठबंधन बनाने का फैसला किया गया। पार्टी सूत्रों के मुताबिक इस गठबंधन का नाम 'सेक्युलर, सोशल जस्टिस, विक्ट्री फ्रंट' रखा गया है। टीवीके अध्यक्ष और सीएम विजय गठबंधन का नेतृत्व करेंगे। यह गठबंधन उपचुनाव लड़ेगा। बैठक के बाद टीएनसीसी अध्यक्ष बी. मणिकम टैगोर ने यह जानकारी दी। *एजेंसी*

### ओपन एआई का 90 साल पुरानी गणित पहेली सुलझाने का दावा

**नई दिल्ली।** ओपनएआई ने दावा किया है कि उसकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक ने गणित की दुनिया के सबसे मुश्किल सवालों में से एक को हल कर दिया है। एआई को इसे सुलझाने में सिर्फ 88 घंटे लगे। 90 साल पुराने इस सवाल को नेवियर–स्टोक्स प्रॉब्लम कहा जाता है। प्रतिष्ठित मैथ्स इंस्टीट्यूट क्ले मैथमेटिक्स ने साल 2000 में 7 मुश्किल सवाल चुने थे, इनमें यह भी शामिल था। इन 7 सवालों को 'मिलेनियम प्रॉब्लम्स' कहा गया। इनमें किसी एक को भी हल करने पर 10 लाख डॉलर का इनाम रखा गया था। ओपनएआई के इस दावे से पहले इन सात में से सिर्फ एक सवाल हल हुआ था। *एजेंसी*

### दिल्ली में कारोबारी के फ्लैट से 2.5 करोड़ की ज्वेलरी और कैश चोरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के तिमारपुर में एक कारोबारी के फ्लैट से करीब 2.5 करोड़ रुपये का कैश, सोना और हीरे की ज्वेलरी चोरी हो गई। घटना के समय कारोबारी का परिवार ऑस्ट्रेलिया में था। पुलिस को शक है कि चोरी में घर के दो नौकरों अनिल और विक्की का हाथ है। दोनों के पास फ्लैट की चाबी थी और घटना के बाद से फरार हैं। सीसीटीवी फुटेज में दोनों की फ्लैट के आसपास गतिविधियां दिखाई दी हैं। पुलिस ने उनकी तलाश के लिए टीमें बनाई हैं। फुटेज के अलावा उनके आने-जाने और संपर्कों की भी जांच की जा रही है। *एजेंसी*

---

## सभी छात्रावासों की जांच का आदेश, भवनों का रिकॉर्ड भी खंगाला जाएगा

**6 सितंबर को बिल्डिंग गिरने से 7 लोगों की मौत के बाद एक्शन में सरकार**

# दिल्ली में अवैध निर्माण वाली इमारतों पर चलेगा बुलडोजर

**एमसीडी ने पीजी के पास की इमारतों को तोड़ना शुरू किया**

**अब तक 24 संपत्तियों में तोड़फोड़ सात अवैध ढांचों को सील किया**

**अब तक पांच गिरफ्तार, 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा**



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के सत्य निकेतन में पीजी बिल्डिंग गिरने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अवैध निर्माण के खिलाफ एक्शन के निर्देश दिए हैं। सीएम ने एमसीडी को अवैध पीजी हॉस्टलों की जांच के निर्देश भी दिए हैं। वरिष्ठ अधिकारी कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद रहेंगे। वहीं, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने पीजी बिल्डिंग के पास की इमारतों को गिराना शुरू कर दिया है। इन इमारतों में गर्ल्स पीजी था। लड़कियां पीजी खाली कर दूसरी जगह शिफ्ट हो रही हैं। मंगलवार तक 24 संपत्तियों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई और 7 अवैध ढांचों को सील किया जा चुका था। सत्य निकेतन में 6 सितंबर को पांच मंजिला पीजी बिल्डिंग गिरने से 7 लोगों की मौत हुई थी। मामले में बुधवार तक 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### गर्ल्स पीजी की दीवारों में दरारें, छात्राओं ने बनाया वीडियो

हॉस्टल डेज के पड़ोस में बने कनक लता गर्ल्स पीजी को भी गिराया जा रहा है। यह वही गर्ल्स हॉस्टल है, जिसमें रहने वाली छात्राओं ने अपने कमरों की दीवारों और छत में आई दरारों का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। यहां रहने वाली दिल्ली यूनिवर्सिटी की सेकेंड ईयर की छात्राओं अर्निका और मानसी ने हॉस्टल डेज की बिल्डिंग गिरने से कुछ मिनट पहले अपने कमरे का वीडियो बनाया था। वीडियो में दीवारों और छत पर दरारें दिखाई दे रही हैं। 20 साल की अर्निका वीडियो में कहती हैं, "लगता है गिरने वाली है।"

### गिरफ्तार आरोपियों में पीजी मालिक संचालक और लेबर कॉन्ट्रैक्टर

दिल्ली पुलिस ने पीजी हादसे में बुधवार को सुधांशु नाम के युवक को गिरफ्तार किया है। वह बिल्डिंग में हॉस्टल डेज नाम से पीजी चला रहा था। उसका पार्टनर शुभम त्यागी फरार है। दोनों ने अगस्त 2025 में बिल्डिंग लीज पर ली थी। इससे पहले बिल्डिंग मालिक हरिराम बंसल, उनकी पत्नी उर्मिला, बेटे महेश और लेबर कॉन्ट्रैक्टर सनोज को गिरफ्तार किया जा चुका है। सोमवार रात हरिराम बंसल, उनकी पत्नी उर्मिला और बेटे महेश को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। जस्टिस भव्य खराल ने हरिराम और उर्मिला को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया, जबकि महेश को 2 दिन की पुलिस हिरासत मिली। पुलिस रिमांड के दौरान महेश ने बताया कि पीजी चलाने वाली कंपनी की शिकायत पर बेसमेंट में जमा पानी और सीलन की दिक्कत दूर करने के लिए मरम्मत कराई जा रही थी। बेसमेंट से पानी निकालने के बाद निर्माण कार्य के दौरान पावर ट्रोवेल मशीन भी चलाई जा रही थी। पुलिस को आशंका है कि मशीन से पैदा हुई कंपन और पहले से कमजोर संरचना के कारण बिल्डिंग भरभराकर गिर गई।

### ठेकेदार बोला-10 दिन पहले लगाया था रेनोवेशन के लिए

पूछताछ में ठेकेदार सनोज ने बताया कि महेश गुप्ता ने उसे 10 दिन पहले रेनोवेशन के लिए लगाया था। उसे 2800 रुपये रोज मिलते थे। काम बेसमेंट को ग्राउंड फ्लोर के बराबर लेवल करने का था, जिसके लिए बेसमेंट में करीब 3 ट्रक मलबा भरा गया था। ग्राउंड फ्लोर पर दुकान की जगह में एक दीवार रुकावट बन रही थी। हादसे वाले दिन जगह बनाने के लिए उस दीवार को हटा दिया गया। दीवार हटते ही कमजोर इमारत लोड नहीं झेल पाई और ढह गई।

## प्रदेश में इमारतों में आग से निपटने की तैयारी

**अग्निशमन विभाग खरीदेगा 90 और 104 मीटर की एरियल लेडर प्लेटफॉर्म 11 सितंबर को होगी प्री-एनआईटी बैठक**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार का अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा निदेशालय राज्य में आपातकालीन सेवाओं को और अधिक आधुनिक तथा मजबूत बनाने के उद्देश्य से 90 मीटर के दो और 104 मीटर के दो एरियल लेडर प्लेटफॉर्म की खरीद करने जा रहा है। प्रस्तावित खरीद के संबंध में तकनीकी मापदंडों, पात्रता मानदंड, वारंटी, डिलीवरी शेड्यूल और व्यावसायिक प्रावधानों पर भारतीय व विदेशी निर्माताओं, अधिकृत प्रतिनिधियों एवं हितधारकों से सुझाव प्राप्त करने के लिए निदेशालय एक प्री-एनआईटी और मार्केट कंसल्टेशन बैठक आयोजित करने जा रहा है। यह परामर्श बैठक 11 सितंबर, 2026 को दोपहर 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की जाएगी। इसमें भाग लेने के लिए इच्छुक हितधारकों को 10 सितंबर, 2026 को शाम 05:30 बजे तक अपना पंजीकरण कराना होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह बैठक केवल आगामी टेंडर दस्तावेज को अंतिम रूप देने तथा उद्योग से सुझाव और जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से की जा रही है। यह स्वयं में कोई टेंडर, ईओआई या चयन प्रक्रिया नहीं है और न ही इसमें भाग लेने वाले किसी भी हितधारक को भविष्य की खरीद प्रक्रिया में कोई विशेष अधिकार प्रदान किया जाएगा।

---

**मांगों पर अड़े कर्मी, हड़ताल 13 सितंबर तक बढ़ाई**

## 12 सफाई कर्मचारियों की सेवाएं खत्म, अब तक सौ पर कार्रवाई

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश के सफाई कर्मियों, फायर कर्मियों ने आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया है। इस क्रम में कर्मचारियों ने हड़ताल को 13 सितंबर तक बढ़ा दिया है। वहीं, नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मांगों का समाधान कर हड़ताल का पटाक्षेप कराने की अपील की है। वहीं, फतेहाबाद जिला प्रशासन द्वारा 12 पेरोल कर्मचारियों को सेवा से हटा दिया है। सरकार अब तक 100 से अधिक कर्मचारियों पर कार्रवाई कर चुकी है। संघ ने कुरुक्षेत्र के सफाई कर्मचारी रोहित और करनाल के कुलदीप को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही मृतकों के आश्रितों को आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को पक्की नौकरी देने की मांग उठाई। संघ ने सामाजिक, धार्मिक, कर्मचारी, मजदूर, किसान, व्यापारी, दलित एवं वाल्मीकि संगठनों सहित समाज के सभी वर्गों को 10, 11 और 12 सितम्बर को शहरों में आयोजित होने वाली जन न्याय पंचायतों तथा 13 सितम्बर को कुरुक्षेत्र में होने वाली राज्यस्तरीय जन न्याय पंचायत में शामिल होने के लिए निमंत्रण वितरित किए।



झज्जर। धरने पर बैठे सफाई कर्मचारी। *फोटो : एजेंसी*

**मुख्यमंत्री से मांगों का समाधान कर हड़ताल का पटाक्षेप कराने की अपील**

### सभी कार्रवाइयों पर रोक लगाई जाए

संघ हरियाणा ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र भेजकर कर्मचारियों की मांगों का समाधान करने, दमनात्मक एवं उत्पीड़न की सभी कार्रवाइयों पर रोक लगाने तथा सम्मानजनक बातचीत के माध्यम से हड़ताल का पटाक्षेप करवाने की अपील की है। 13 मई को सरकार और यूनियनों के बीच हुए समझौते में स्वीकार की गई 17 मांगों के आदेश एवं पत्र जारी होने के बाद ही हड़ताल के संबंध में कोई फैसला लिया जाएगा।

### फतेहाबाद में 363 को नोटिस जारी

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद जिला प्रशासन द्वारा 12 पेरोल कर्मचारियों को सेवा से हटा दिया है जबकि एक रेगुलर कर्मचारी को निलंबित कर दिया है। इनमें 10 पेरोल कर्मचारी रतिया से हैं। जिले में नगर पालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के आह्वान पर पिछले 35 दिनों से जारी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल पर जिला प्रशासन ने कड़ा एक्शन लेते हुए 363 कर्मचारियों को नोटिस जारी कर दिए।

---

**सीजेपी प्रदर्शन से जुड़ी एफआईआर रद्द करने का दे चुके आदेश**

## नोटिस जारी करने पर सीजेआई ने मजिस्ट्रेट को लगाई फटकार

**सीजेआई सूर्यकांत बोले- ऐसा करने की हिम्मत कैसे हुई**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने नोएडा के मजिस्ट्रेट को फटकार लगाई। बुधवार को सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, 'जब सुप्रीम कोर्ट ने छात्र विरोध प्रदर्शनों से जुड़ी एफआईआर रद्द कर दी हैं। विरोध प्रदर्शनों को लेकर किसी भी छात्र के खिलाफ भविष्य में जबरदस्ती की कार्रवाई पर रोक लगाई है। ऐसे में एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट ने छात्र को नोटिस जारी करने की हिम्मत कैसे की? कोई भी मजिस्ट्रेट उस आदेश का उल्लंघन नहीं कर सकता।' दरअसल, 4 सितंबर को नोएडा कमिश्नरेट के थर्ड एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट आर के सिसोदिया ने दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) प्रदर्शन में शामिल छात्र अक्षत त्रिपाठी के खिलाफ नोटिस जारी किया था।

### आईफोन 18 प्रो, 18 प्रो मैक्स लॉन्च, 4 नए कलर्स में मिलेगा

**सुपरफास्ट ए20 प्रो प्रोसेसर पर चलेंगे**

**नई दिल्ली।** एपल ने आईफोन 18 प्रो, आईफोन 18 प्रो मैक्स लॉन्च कर दिया है। सीरीज में 4 नए कलर्स का ऑप्शन दिया गया है। सुपरफास्ट ए20 प्रो प्रोसेसर पर चलेंगे। इसके नए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सिरी में ऑन-डिवाइस डिक्टेशन को बेहतर किया गया है। एपल का दावा है कि नॉर्मल यूज में 18 प्रो 24 घंटे और प्रो मैक्स 30 घंटे तक चलेगा। वहीं वीडियो प्लेबैक पर 18 प्रो में 36 घंटे और प्रो मैक्स में रिकॉर्ड 45 घंटे की बैटरी लाइफ मिलेगी। नई फास्ट चार्जिंग से फोन सिर्फ 15 मिनट में 50% चार्ज हो जाएगा और महज 5 मिनट की चार्जिंग पर 6 घंटे का वीडियो प्लेबैक देगा। कैलिफोर्निया में चल रहे लॉन्चिंग इवेंट में कंपनी अपना पहला फोल्डेबल आईफोन पेश करेगी। इस बार इसमें स्टैंडर्ड आईफोन 18 लॉन्च नहीं होंगे।

## रेलवे के 3 मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स को मंजूरी

**10,783 करोड़ से 5 राज्यों में 656 किमी नई रेल लाइनें बिछेंगी**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीएम मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट मीटिंग हुई। इसमें रेलवे के तीन मल्टी ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई। इन परियोजनाओं पर कुल 10,783 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इन प्रोजेक्ट्स के तहत पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 14 जिलों में करीब 656 किमी रेल लाइनें बढ़ाई जाएंगी। इससे करीब 4,790 गांवों के 56 लाख लोगों को बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलने की उम्मीद है। खड़गपुर-झारसुगुड़ा रेल सेक्शन के बीच चौथी लाइन का निर्माण शामिल है। इसके अलावा कटनी-पेंड्रा रोड सेक्शन में भी चौथी लाइन बनाई जाएगी। वहीं, बिलासपुर (उसलापुर)-पेंड्रा रोड सेक्शन में तीसरी लाइन का निर्माण किया जाएगा। इन परियोजनाओं से हर साल करीब 27 मिलियन टन अतिरिक्त माल ढुलाई की क्षमता विकसित होगी। इससे उद्योगों तक कच्चा माल पहुंचाने और तैयार माल को बाजार तक ले जाने में मदद मिलेगी। साथ ही, माल परिवहन की लागत कम करने में भी फायदा हो सकता है।

**56 लाख लोगों को मिलेगा फायदा**

### तेल आयात और कार्बन उत्सर्जन घटेगा

सरकार ने रेलवे को पर्यावरण के लिहाज से बेहतर और ऊर्जा-कुशल परिवहन माध्यम बताया है। नई रेल लाइनों से माल और यात्रियों के परिवहन में रेलवे की हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी। सरकार के अनुमान के अनुसार, इन परियोजनाओं से हर साल करीब 12 करोड़ लीटर तेल की बचत हो सकती है। इसके अलावा 62 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम होने का अनुमान है। सरकार ने इस कमी को करीब 2.48 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर बताया है। इससे देश के जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने और लॉजिस्टिक्स लागत कम करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

**अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने का असर**

## कच्चा तेल 100 डॉलर के पार छह सप्ताह में सबसे महंगा

**पेट्रोल-डीजल और एलपीजी हो सकती है महंगी**

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल यानी क्रूड ऑयल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई है। 9 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड के दामों में 2.25% का इजाफा हुआ। इसकी वजह अमेरिका-ईरान के बीच फिर तनाव बढ़ना बताया जा रहा है। इस बढ़ोतरी के पहले क्रूड की कीमत 98 बैरल प्रति डॉलर थी। इससे पहले 24 जुलाई को क्रूड का दाम 100 बैरल प्रति डॉलर पहुंचा था। अगर कच्चे तेल के दाम ऐसे ही बढ़ते रहे तो इससे पेट्रोल-डीजल और एलपीजी के दाम बढ़ सकते हैं। तेल की कीमतों में इस ताजा उछाल की मुख्य वजह अमेरिका और ईरान के बीच शुरू हुई नई सैन्य झड़पें हैं। यूएस सेंट्रल कमांड ने मंगलवार देर रात बयान जारी कर बताया कि अमेरिकी सेना ने ईरान के 5 तेल टैंकरों को नष्ट कर दिया।

---

**गंभीर चोटें आईं, अस्पताल में भर्ती**

## सेल्फी लेते समय 50 फीट गहरी खाई में गिरी छात्रा

**हांसी (हरिभूमि न्यूज)।** ऐतिहासिक पृथ्वीराज चौहान किले पर बुधवार शाम सेल्फी ले रही 20 वर्षीय बीएससी छात्रा अचानक 50 फीट गहरी खाई में जा गिरी। छात्रा के गिरते ही मौके पर करीब सौ लोगों की भीड़ जमा हो गई, लेकिन छात्रा को खाई से निकालने के लिए कोई आगे नहीं आया। आरोप है कि कुछ लोग मदद करने के बजाय मोबाइल से वीडियो बनाते रहे। आखिरकार पतंग उड़ा रहे बच्चे ही दौड़कर किला बाजार पुलिस चौकी पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद होमगार्ड राजेश अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और



जान जोखिम में डालकर खाई में उतरा। उसने खून से लथपथ छात्रा को गोद में उठाया और अस्पताल पहुंचाया। घायल छात्रा की पहचान गांव सोरखी निवासी अंजलि के रूप में हुई है। अंजलि हिसार के गवर्नमेंट कॉलेज में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा है। हादसे में उसके गले, बाजू और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- क्या मौजूदा कानून के तहत चल सकता है केस**

## वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध बनाना संसद का काम : केंद्र

**अपराध घोषित करने की मांग वाली याचिकाओं पर हुई सुनवाई**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध घोषित करने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई। केंद्र सरकार ने कोर्ट में कहा कि वैवाहिक दुष्कर्म को अलग अपराध बनाना संसद और कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र का विषय है, सुप्रीम कोर्ट का नहीं। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना बेंच ने कहा कि शादी का मतलब महिला की आजादी का खत्म होना नहीं है, लेकिन मौजूदा कानून के तहत क्या पति पर वैवाहिक दुष्कर्म में केस चल सकता है? मामले की अंतिम सुनवाई 3 हफ्ते बाद होगी। दरअसल, पूरा मामला पत्नी की इच्छा के खिलाफ पति के संबंध बनाने को दुष्कर्म मानने को लेकर है। मौजूदा कानून के अनुसार, अगर पत्नी की उम्र 18 साल या उससे ज्यादा है, तो उसकी इच्छा के खिलाफ संबंध दुष्कर्म नहीं माना जाएगा। इसे वैवाहिक दुष्कर्म की कानूनी छूट कहा जाता है।

### *शादी का मतलब महिला की आजादी का खत्म होना नहीं*

#### याचिकाकर्ता बोले- पति को कानून से बचने का अधिकार नहीं होना चाहिए

याचिकाकर्ताओं का कहना है कि शादी किसी पति को पत्नी की इच्छा के खिलाफ जबरदस्ती करने की छूट नहीं देती। उनका कहना है कि अगर पति, पत्नी को गंभीर चोट पहुंचाता है, तो केवल पति-पत्नी का रिश्ता होने के कारण उसे कानून से बचने का अधिकार नहीं मिलना चाहिए। याचिकाकर्ताओं की मांग है कि शादीशुदा महिलाओं को भी जबरदस्ती संबंध के खिलाफ वही कानूनी सुरक्षा मिले, जो दूसरी महिलाओं को मिलती है।



#### सरकार मैरिटल रेप को अलग से अपराध बनाने के पक्ष में नहीं

केंद्र सरकार मैरिटल रेप को अलग से अपराध बनाने के पक्ष में नहीं है। सरकार का कहना है कि ऐसा कानून बनाने से शादी और पति-पत्नी के रिश्ते पर बड़ा असर पड़ सकता है। सरकार का मानना है कि शादी के अंदर होने वाले यौन संबंधों से जुड़े मामलों को मौजूदा कानूनों के तहत ही देखा जाना चाहिए। सरकार ने यह भी कहा है कि इस मुद्दे पर सामाजिक और कानूनी दोनों पहलुओं को ध्यान में रखना जरूरी है।

## खबर संक्षेप



### नेशनल इनोवेशन चैलेंज का आयोजन होगा : शर्मा

**चंडीगढ़।** प्रदेश के सहकारिता, कारागार, पर्यटन, विरासत एवं निर्वाचन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान' को केवल कार्यक्रमों तक सीमित न रखकर सेवा, नवाचार और परिणाम से जोड़ा जाएगा। अभियान के तहत उद्योग एवं वाणिज्य विभाग से जुड़े नेशनल इनोवेशन चैलेंज के माध्यम से प्रदेश के युवाओं, स्टार्टअप्स और नए विचार रखने वालों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक बड़ा मंच उपलब्ध कराया जाएगा। डॉ. अरविंद शर्मा ने बुधवार को चंडीगढ़ में 'सेवा संकल्प अभियान' की तैयारियों को लेकर उद्योग एवं वाणिज्य तथा एमएसएमई विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

### चौ.देवीलाल की जयंती मनाएगी जजपा

**चंडीगढ़।** 25 सितंबर को जननायक चौधरी देवीलाल की 113वीं जयंती को जननायक जनता पार्टी प्रदेशभर में मनाएगी। ऐलनाबाद में जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.अजय सिंह चौटाला देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इस अवसर पर पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता आदि मौजूद रहेंगे। यह निर्णय बुधवार को दिल्ली में आयोजित जेजेपी की एक महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया। वहीं देवीलाल जयंती के अवसर पर सिरसा में जेजेपी जिला कार्यालय का भी उद्घाटन किया जाएगा।

### मुफ्त शराब न देने पर सेल्समैन को डंडों से पीटा

**फरीदाबाद।** जिले के पन्हेड़ा कलां गांव स्थित शराब के ठेके पर मुफ्त में शराब देने से मना करना दो सेल्समैनों को भारी पड़ गया। आरोप है कि शराब लेने पहुंचे दो युवकों ने पहले मुफ्त में शराब की बोतल मांगी। सेल्समैनों के मना करने पर दोनों युवक गाली-गलौज करते हुए वहां से चले गए। कुछ देर बाद दोनों दर्जनभर युवकों को साथ लेकर ठेके पर पहुंचे और दोनों सेल्समैनों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में दोनों सेल्समैन घायल हो गए। घटना का वीडियो भी सामने आया है। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

## शासन तंत्र के मिथक को तोड़कर जन-जन की आवाज बने पीएम मोदी : नायब सैनी

# सरकार-संगठन और समाज को एक सूत्र में पिरोएगा सेवा संकल्प अभियान

### 20 लाख दीयों से प्रधानमंत्री को आशीर्वाद देगा प्रदेश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि पूरी दुनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, समर्पण, बलिदान और त्याग के 25 वर्षों को महसूस किया है। इस नान स्टॉप सेवाकाल के दौरान उन्होंने अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को समाज की मुख्यधारा में लाने का काम किया है। 17 सितंबर से एक माह का सेवा संकल्प अभियान नई पीढ़ियों को उनके जीवन से राष्ट्र सेवा की प्रेरणा और सीख लेने का अवसर प्रदान करेगा। यह अभियान सरकार, संगठन और समाज को एक सूत्र में पिरोते हुए जनकल्याण और सेवा की भावना को मजबूत करेगा। भाजपा प्रदेश मुख्यालय पंचकमल में सेवा संकल्प अभियान पर सरकार-संगठन की समन्वय बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश मे राजनीतिक दलों द्वारा गठजोड़ करके लंबे समय से शासन तंत्र चलाया जा रहा था, जिसे 25 साल पहले मुख्यमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी ने तोड़ने का काम किया और इसी तरह उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर जन-जन का भरोसा जीतकर नान स्टॉप सरकार चलाने का काम किया है। आज उनके 25 साल के सार्वजनिक जीवन में सेवाभाव की बदौलत अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने, परिवारवाद, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण की राजनीति को खत्म करने पर जोर दिया गया, जिससे देश की जनता संतुष्ट महसूस कर रही है।

### आमजन की भागीदारी बढ़ाने पर मंथन : गुप्ता

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता सेवा संकल्प अभियान में अपनी भागीदारी करने और आमजन की भागीदारी को बढ़ाने के लिए सुनियोजित तरीके से काम कर रहे हैं। डॉ गुप्ता ने कहा कि 17 सितंबर को सेवा दिवस के मौके पर प्रदेशभर में भाजपा कार्यकर्ता और आमजन की भागीदारी के साथ प्रदेशभर में 20 लाख दीये लगाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना आशीर्वाद प्रेषित करेंगे। प्रदेश में कुछ ऐतिहासिक स्थानों पर 50 हजार से लेकर एक लाख तक दीये लगाने को लेकर योजना बनाई जा रही है।

## हरियाणा और ऑस्ट्रेलिया के बीच शिक्षा व निवेश में सहयोग पर बनी सहमति



■ मुख्यमंत्री सैनी और ऑस्ट्रेलियाई हाई कमिश्नर की हाईलेवल मीटिंग

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में बुधवार को चंडीगढ़ में भारत में ऑस्ट्रेलिया के हाई कमिश्नर फिलिप ग्रीन के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें हरियाणा और ऑस्ट्रेलिया के बीच शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट, इनोवेशन, कृषि, ग्रीन एनर्जी, खेल, टूरिज्म, निवेश तथा युवाओं को वैश्विक अवसर उपलब्ध करवाने सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मजबूत और व्यापक रणनीतिक साझेदारी है। दोनों देशों के बीच व्यापार, शिक्षा, तकनीक, इनोवेशन, स्किल डेवलपमेंट और लोगों के बीच संपर्क लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में हरियाणा के लिए ऑस्ट्रेलिया के साथ राज्य स्तर पर सहयोग को और मजबूत करने की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मजबूत होते संबंधों का लाभ हरियाणा के युवाओं, विद्यार्थियों, किसानों, उद्यमियों और उद्योगों तक पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

## प्रदेश में जल्द लॉन्च होगा खेल पोर्टल : रस्तोगी



■ खेल कैलेंडर सहित अन्य सुविधाएं होगी डिजिटल

**चंडीगढ़।** प्रदेश में खेलों को अधिक संगठित और परिणामोन्मुखी बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। प्रदेश के पूरे खेल तंत्र को एकीकृत डिजिटल मंच से जोड़ने के लिए राज्य खेल पोर्टल स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेशभर की खेल अवसंरचना की व्यापक मैपिंग, साझा राज्य खेल कैलेंडर और जमीनी स्तर से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक प्रतिभाओं को तैयार करने के लिए टैलेंट-पाथवे फ्रेमवर्क विकसित किया जाएगा। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई राज्य खेल प्रशासनिक समिति की पहली बैठक में ये निर्णय लिए गए। बैठक में मौजूदा खेल सुविधाओं के अधिकतम उपयोग पर भी खास जोर दिया गया। स्कूल-कॉलेजों, पंचायतों और शहरी निकायों में उपलब्ध खेल सुविधाओं को साझा उपयोग व्यवस्था के तहत लाकर संस्थागत समय के बाद मान्यता प्राप्त खिलाड़ियों और खेल क्लबों को इनके उपयोग का अवसर दिया जाएगा। खेल विभाग प्रधान सचिव अमनीत पी. कुमार ने बताया कि प्रस्तावित राज्य खेल पोर्टल प्रदेश के खेल तंत्र का एकीकृत डिजिटल मंच होगा। इस मौके पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध : राव नरेंद्र

चंडीगढ़। हरियाणा के सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा करने वाले वीर सैनिकों का ऋण कोई भी समाज या राष्ट्र कभी नहीं चुका सकता। राव नरबीर सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार ने वर्ष 2016 में सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग का गठन किया था। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वर्ष 2026-27 के बजट में सैनिकों के पुनर्वास और आजीविका संवर्धन के लिए हरियाणा सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण निगम स्थापित करने की घोषणा की है। इसकी प्रक्रिया वर्तमान में प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग के बजट में 58.93 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए इसे 178.14 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव रखा गया है। यह सरकार की सैनिकों और उनके परिवारों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सैनिकों के लिए कई योजनाएं चल रही है।

## विदेश का ड्राइविंग लाइसेंस भारत में अपने आप मान्य नहीं : हाईकोर्ट



■ हादसे में बच्ची की मौत पर चालक से होगी मुआवजे की वसूली

चंडीगढ़। आस्ट्रेलिया के विक्टोरिया प्रांत से जारी ड्राइविंग लाइसेंस के भरोसे भारत में कार चलाना एक चालक को राहत नहीं दिला सका। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि विदेश में वैध ड्राइविंग लाइसेंस अपने आप भारत में वाहन चलाने के लिए मान्य नहीं हो जाता। भारत में वाहन चलाने के लिए मोटर वाहन अधिनियम के तहत आवश्यक वैधता, अनुमति या मान्य अंतरराष्ट्रीय ड्राइविंग परमिट जरूरी है। अदालत ने चालक समीर की अपील खारिज करते हुए बीमा कंपनी को पहले मुआवजा देने और बाद में चालक व वाहन मालिक से उसकी वसूली करने का अधिकार बरकरार रखा। नौ माह की बच्ची की मौत से जुड़ा था मामला मामला 31 अगस्त 2015 के सड़क हादसे का है, जिसमें नौ माह की जीविका की मौत हो गई थी। मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, कुरुक्षेत्र ने 27 मई 2016 को 2.49 लाख रुपये मुआवजा नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ देने का आदेश दिया था। बीमा कंपनी को निर्देश दिया गया था कि वह पहले पीड़ितों को राशि का भुगतान करे और इसके बाद चालक व वाहन मालिक से वसूली करे। चालक समीर गाबा ने इसी आदेश को चुनौती दी थी।

## इलेक्ट्रिक मालवाहक वाहन खरीदने पर एमएसएमई को 5 लाख रुपये तक सहायता

■ सिर्फ पहले 250 पात्र उद्यमों को मिलेगा लाभ, 1 अप्रैल से खरीदे वाहन भी योजना में शामिल

**(योगेंद्र शर्मा) चंडीगढ़।** हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को इलेक्ट्रिक मालवाहक वाहन अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की अहम योजना शुरू की है। 'हरियाणा ईवी फॉर कार्गो लॉजिस्टिक्स योजना' के तहत पात्र एमएसएमई को नए इलेक्ट्रिक मालवाहक वाहन की एक्स-शोरूम कीमत का 15 प्रतिशत और अधिकतम 5 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। हालांकि, योजना में महत्वपूर्ण शर्त रखी गई है। इसका लाभ केवल पहले 250 पात्र एमएसएमई को ही मिलेगा। सरकार की अधिसूचना के अनुसार, योजना का उद्देश्य एमएसएमई को माल ढुलाई के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित करना, ईंधन और रखरखाव पर होने वाला खर्च कम करना तथा प्रदूषण में कमी लाना है। योजना के तहत 700 किलोग्राम से 10,000 किलोग्राम तक भार वहन क्षमता वाले नए इलेक्ट्रिक मालवाहक ट्रक तथा वाणिज्यिक तीन और चार पहिया इलेक्ट्रिक मालवाहक वाहन सहायता के लिए पात्र होंगे। प्रत्येक पात्र उद्यम को योजना की अवधि में केवल एक वाहन पर सहायता मिलेगी। सरकार ने योजना के दायरे में 1 अप्रैल 2026 या उसके बाद खरीदे गए पात्र इलेक्ट्रिक मालवाहक वाहनों को भी शामिल किया है। योजना अधिसूचना की तिथि से लागू होगी।पात्र उद्यमों को वाहन खरीदने के तीन महीने के भीतर अथवा योजना अधिसूचित होने की तिथि से तीन महीने के भीतर, जो भी बाद में हो, निर्धारित पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना होगा।

## पंजाब के 500 से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता की ग्रहण



■ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया स्वागत

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज पंजाब की राजनीति ऐसे दौर से गुजर रही है जहां सत्ता, स्थिरता और जनहित के बीच संघर्ष चल रहा है। युवा नशे की गिरफ्त में हैं। पंजाब में ऐसी सरकार की जरूरत है जो राज्य के विकास के लिए निर्णय लेने से न डरे, जो जनता के हित को सर्वोपरि रखे और जो देशहित में काम करे। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संभव है। पंजाब में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प की तर्ज पर विकसित पंजाब बनाने का काम करेंगे और हरियाणा की कल्याणकारी योजनाओं को भी पंजाब में लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री बुधवार को चंडीगढ़ स्थित आवास संत कबीर कुटीर में पंजाब के विभिन्न हलकों से आए लोगों के साथ संवाद कर रहे थे। इस मौके पर पंजाब के विभिन्न हलकों के 500 से ज्यादा सरपंचों, जिला परिषद सदस्यों, किसान संगठन नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

## 87 नगर निकायों के लिए 195 कर और सफाई विशेषज्ञों की भर्ती होगी

पंचकूला। हरियाणा के शहरी निकायों में कर वसूली और सफाई व्यवस्था से जुड़े कामकाज के लिए शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने कम से कम 195 विशेषज्ञों और सहयोगियों को अनुबंध पर रखने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इनकी तैनाती प्रदेश के 87 नगर निकायों और विभाग के अन्य कार्यालयों में की जा सकेगी शहरी स्थानीय निकाय विभाग की ओर से जारी सार्वजनिक सूचना के मुताबिक 62 कर विशेषज्ञ, 76 कर सहयोग और 57 सफाई विशेषज्ञ-सहयोग रखे जाने हैं। विभाग ने इनके अलावा अन्य विशेषज्ञों और सहयोगियों को भी रखने की बात कही है, हालांकि सार्वजनिक सूचना में उनकी संख्या और श्रेणियों का उल्लेख नहीं किया गया है।

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

7479

मनकि फतेह सिहं पुत्र अमृत पुत्र हरिसिहं, निवासी एवं बिस्वेदार गाँव लाडपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23, के अनुसार खेवट न0 383/288, खाता न0 395, मु0 न0 51, किला न0 26(0–15), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 15 मरले का 1/16 भाग, बकदर 0 कनाल 0.937 मरला व खेवट न0 525/419, खाता न0 542, मु0 न0 26, किला न0 20/1(0–8), 21/3(0–8), मु0 न0 35, किला न0 1/2(0–8), 10/1(0–8), किते 4, तादादी रकबा 1 कनाल 12 मरले का 111/1093 भाग, बकदर 0 कनाल 3.249 मरले, उपरोक्त दोनों खेवटों से कुल तादादी रकबा 0 कनाल 4.186 मरले (0.0261625 एकड़) वाका रकबा मौजा लाडपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 51, किला न0 26 मिन (0–0.937), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 0.937 मरला व खेवट न0 525/419, खाता न0 542, किते 4, तादादी रकबा 1 कनाल 12 मरले का 111/1093 भाग, बकदर 0 कनाल 3.249 मरले, उपरोक्त कुल तादादी रकबा 0 कनाल 4.186 मरले (0.0261625 एकड़) पर दिया जा रहा है।

5844

हमकि (1) महाबीर सिहं (2) प्रीत सिहं पुत्रान सहीराम पुत्र गोरधन व (3) राजबीर पुत्र गोरधन पुत्र तुरती, निवासीगण गांव मुण्डाखेड़ा, तहसील बादली, जिला झज्जर एवं बिस्वेदारान गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023–24, के अनुसार खेवट न0 1198/1024, खाता न0 1244, मु0 न0 354, किला न0 10/2(6–0), मु0 न0 355, किला न0 6(7–12), किते 2, तादादी रकबा 13 कनाल 12 मरले का 1/2 भाग, बकदर 6 कनाल 16 मरले (0.85 एकड़) (जिसमें महाबीर सिहं – प्रीत सिहं हर दो समभाग 1/4 भाग व राजबीर 1/4 भाग), वाका रकबा मौजा बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 354, किला न0 10/2 मिन दक्षिण (3–11), मु0 न0 355, किला न0 6 मिन दक्षिण (3–5), किते 2, तादादी रकबा 6 कनाल 16 मरले (0.85 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 09.09.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने कि तिथि समय | अनुमानित लागत रुपये | धरोहर राशि रुपये | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | OT-32/ 2026-27 | टेलीकॉम वर्क इन कनेक्शन विद सॉफ्ट अपग्रेडेशन ऑफ अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन | 05.10.2026 at 15.00 hrs | Rs. 45919479.12/- | Rs. 918400/- | 180 Days |

नोटः– वरि० मंडल सिग० एवं टेली०/इंजी० उ०रे०, डी०आर०एम० ऑफिस, रेल विहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारो से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दर्शायी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारो के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज, की स्केन प्रतिलिपि अपलोड करे। 1. टैन्डर डाकूमेंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे बेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर लाग ऑन करें। 2. निविदाकारो को ई–टेण्डरिंग मे भाग लेने के लिए उनके पास क्लास III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हे उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारो से निवेदन है कि टेन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टेन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ ले।

**संख्या: एस. डब्लू /सिग/अंबाला/एन० आई०टी–09–2026–27 दिनाक: 09.09.2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3105/26

## उत्तर रेलवे

### ई-टेंडरिंग

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी-08/2026-27 दिनांक 08.09.2026**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए **15.00 बजे** तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| **निविदा संख्या :** 30-विद्युत-08/2026-27 (ओपन टेंडर) | |
| **कार्य का नाम :** अंबाला डिवीजन के अंतर्गत सहारनपुर, चंडीगढ़ और कालका में सब–स्टेशन के बिजली सप्लाई इक्विपमेंट को अपग्रेड करने और अंबाला कैंट स्थित DRM ऑफिस में मौजूदा RCC से नई बनी RCC बिल्डिंग में SCADA और SEMC कंट्रोल इक्विपमेंट को हटाना, दूसरी जगह लगाना, फिर से इंस्टॉल करना, टेस्ट करना और चालू करना हेतु विद्युत कार्य। | |
| **लगभग लागत (रु.) :** रु. 1,53,86,676.35 | |
| **बोली प्रतिभूति (रु.) :** रु. 3,07,700.00 | |
| **पूर्ण होने की अवधि :** 06 महीने | |
| **बंद करने और खोलने की तिथि :** 29.09.2026 | |

**1)** निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। **2)** आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के **15.00 बजे** से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। **3)** कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। **4)** विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। **5)** जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। **3097/26**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छवानी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेब साइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| नीलामी काटलोग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|
| UMB-Mix-38-2026 | धूलकोट में UP लाइन साइट के पास KM 205/3–5 के बीच कुल 5360 वर्ग मीटर क्षेत्र में एक व्यापक पार्किंग स्थल। (साइट प्लान के अनुसार) | 17.09.26 12:00:00 |
| UMB-Prkg-23-26 | धूलकोट रेलवे स्टेशन पर कुल 317.0625 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला दो–पहिया वाहन पार्किंग स्थल। | 18.09.26 12:00:00 |
| | बराड़ा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 501.61 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला एक व्यापक पार्किंग लॉट। (साइट प्लान के अनुसार) | |
| | अंबाला डिवीजन के तहत घग्घर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 410 वर्ग मीटर का पार्किंग लॉट, जो दो–पहिया, तीन–पहिया और चार–पहिया वाहनों की पार्किंग के लिए तय किया गया है। | |
| | उकलाना रेलवे स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 232.5 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | |
| | सरसावा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 407.40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला व्यापक पार्किंग लॉट। (साइट प्लान के अनुसार) | |
| | गिद्दरबाहा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 522.38 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | |
| | जमालपुर शैखान रेलवे स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 300 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | |
| | टापा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 344.40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला व्यापक पार्किंग लॉट। (साइट प्लान के अनुसार) | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3090/26

भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय
विकास आयुक्त का कार्यालय

## भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) 2026

### एमएसईएस के लिए आवेदन पोर्टल खुला

**1 सितम्बर 2026 – 20 सितम्बर 2026**

**पात्रता**

केवल सूक्ष्म एवं लघु उद्यम (एमएसईएस), जिनके पास मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर्स में वैध उद्यम पंजीकरण है अथवा अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यम (आईएमई), **31 अगस्त 2026** के अनुसार वैध उद्यम सहायता प्रमाण–पत्र (यूएसी) रखने वाले पीएमएस स्कीम के तहत भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) 2026 में भाग लेने के लिए आवेदन करने हेतु पात्र होंगे।

| मुख्य तिथियाँ | उद्यम अपडेट की अंतिम तिथि | आवेदन पोर्टल खुलेगा | आवेदन पोर्टल बंद होगा |
|---|---|---|---|
| | 31 अगस्त 2026 | 01 सितम्बर 2026 | 20 सितम्बर 2026 |

भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) 2026
में भाग लेने का अवसर न खोएं
आवेदन 01 सितम्बर 2026 से 20 सितम्बर 2026 के बीच करें।
अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट देखें:
**https://pms.dcmsme.gov.in/view-all-event**

आवेदन करने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

**विकास आयुक्त (एमएसएमई) का कार्यालय**
**सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार**
**द्वितीय तल, कर्तव्य भवन–3, नई दिल्ली–110001**

सीबीसी–25113/11/0045/2627

## उत्तर रेलवे

### ई–नीलामी सूचना

वाटर वेंडिंग मशीन (WVMs)

नीलामी केटलॉग सं.: **UMB-Mix-35-2026** रेट यूनिटः वार्षिक लाइसेंस फीस आकार-30 वर्ग फीट

| क्र. सं. | लॉट नं. | स्टेशन | WVM की संख्या | विवरण | नीलामी शुरू होने की तारीख और समय | नीलामी बंद होने की तारीख और समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | MSS-UMB-SIR-WVM-118-26-1 | सरहिंद (SIR) | 02 | ➢ 01 WVM प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 पर UMB सिरे की ओर। ➢ 01 WVM प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 पर LDH सिरे की ओर। | 15.09.2026 को 12:00 बजे | 15.09.2026 को 12:30 बजे |
| 2. | MSS-UMB-YJUD-WVM-117-26-1 | यमुनानगर–जगाधरी (YJUD) | 01 | ➢ 01 WVM, TRD पोल नंबर 211/8 के पास प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 पर। | 15.09.2026 को 12:00 बजे | 15.09.2026 को 12:40 बजे |
| 3. | MSS-UMB-RPJ-WVM-114-26-1 | राजपुरा (RPJ) | 02 | ➢ 01 WVM प्लेटफॉर्म नंबर 1 के बीच में, रिटायरिंग रूम के पास। ➢ 01 WVM प्लेटफार्म नंबर 2/3 के बीच में, पार्सल केज और वॉटर बूथ नंबर 12 के पास। | 15.09.2026 को 12:00 बजे | 15.09.2026 को 12:50 बजे |
| 4. | MSS-UMB-DUI-WVM-116-26-1 | धुरी (DUI) | 02 | ➢ 01 WVM प्लेटफार्म नंबर 2/3 पर। ➢ 01 WVM प्लेटफार्म नंबर 4/5 पर। | 15.09.2026 को 12:00 बजे | 15.09.2026 को 13:00 बजे |
| 5. | MSS-UMB-PTA-WVM-115-26-1 | पटियाला (PTA) | 01 | ➢ 01 WVM प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर GRP बूथ के पास। | 15.09.2026 को 12:00 बजे | 15.09.2026 को 13:10 बजे |
| 6. | MSS-UMB-UBC-WVM-113-26-1 | अम्बाला सिटी (UBC) | 02 | ➢ 01 WVM प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर। ➢ 01 WVM प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 पर। | 15.09.2026 को 12:00 बजे | 15.09.2026 को 13:20 बजे |

ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** को देखें। **3093/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### टिकटॉक पर दोस्ती, डांस टीचर के साथ नेवी अफसर ने दुष्कर्म किया

**पानीपत।** पानीपत में निजी स्कूल में सेवारत उत्तराखंड की डांस टीचर मने भारतीय जल सेना के अफसर बिजेंद्र सिंह निवासी मुरैना, मध्यप्रदेश पर शादी का झांसा देकर उसके साथ तीन सालों से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोपी की नियुक्ति कर्नाटक में है। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दोनों की मुलाकात 2019 में टिकटॉक के जरिए हुई थी। जून 2023 में बिजेंद्र ने उसके परिवार के सामने शादी का प्रस्ताव रखा और इसके बाद कई बार उसके साथ संबंध बनाए। पीड़िता ने बताया कि दुष्कर्म से जब वह गर्भवती हो गई तो बिजेंद्र ने उससे विवाह करने से इनकार कर दिया और गर्भपात का दबाव बनाया। विरोध करने पर बिजेंद्र ने उसे व उसके परिवार की हत्या करने की धमकी दी। समालखा थाना पुलिस ने पीड़िता की मेडिकल जांच करवाई और उसके बयान दर्ज किए। पुलिस ने बिजेंद्र पर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नील गाय को बचाते ट्रक पलटा, चालक की मौत

**महेंद्रगढ़।** नील गाय के सड़क पर सामने आने से एक और बड़ा हादसा हो गया। महेंद्रगढ़ में बुधवार सुबह इस हादसे में करीब 50 साल के एक ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। नील गाय को बचाने की कोशिश में ट्रक पलट गया। पुलिस ने खुडाना गांव के सरपंच नरेश के बयान पर कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि गांव गढ़ी के पास यह हादसा हुआ। मृतक की पहचान खुडाना निवासी बलबीर के रूप में हुई है। बलबीर सुबह करीब पांच बजे अपने घर से क्रेशर पर रोड़ी लेने जा रहे थे। खुडाना गढ़ी के पास अचानक एक नील गाय सड़क पर आ गई। उसे बचाने के चक्कर में उनका ट्रक बेकाबू होकर पलट गया। इस हादसे में बलबीर को गंभीर चोटें आईं और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक बलबीर के दो शादीशुदा बेटे हैं।

### आई 20 कार में तीन गोवंश को ठूंसकर ले जाते हुए तस्कर काबू

पलवल। मुंडकटी थाना पुलिस ने आई 20 कार में गोवंश की तस्करी कर रहे 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से तीन गोवंश छुड़ाए गए हैं। मुंडकटी थाना प्रभारी कैलाशचंद ने बताया कि उनकी टीम गश्त पर थी। इसी दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि औरंगाबाद से गहलव गांव जाने वाले रास्ते पर एक आई-20 कार में कुछ लोग गोवंश ले जा रहे हैं। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और 2 आरोपियों को पकड़ लिया। हालांकि, उनका एक साथी मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहरू का नंगला, हसनपुर निवासी हम्मन उर्फ अलाउद्दीन और पीरगढ़ी, हसनपुर निवासी फारुक के रूप में हुई है। फरार हुए तीसरे आरोपी की पहचान उटावड़, हथीन निवासी जमशेद उर्फ जम्मी के तौर पर हुई है। कार की तलाशी में 3 गोवंश मिले। इनमें एक बछड़ा, एक सांड और एक गाय शामिल थी। इनके मुंह और पैर रस्सियों से बेरहमी से बांधे गए थे। गाड़ी पर लगी नंबर प्लेट जांच में फर्जी निकली।

### 12 साल से सब्जी विक्रेता बनकर छिपा रहा नशा तस्करी का आरोपी

**नूंह।** रोजका मेव थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशा तस्करी के एक मामले में करीब 12 साल से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी अपनी पहचान छिपाकर गांवों में ऑटो से सब्जी बेचता था। इसी काम की आड़ में वह लंबे समय से गिरफ्तारी से बच रहा था। पुलिस प्रवक्ता कृष्ण कुमार ने बताया कि 9 सितंबर को रोजका मेव थाना क्षेत्र में पुलिस टीम को सूचना मिली थी। इसमें बताया गया था कि एनडीपीएस एक्ट के पुराने मामले में जिस आरोपी की तलाश है, वह इसी इलाके में छिपा हुआ है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आबिद खान के रूप में हुई है। वह नूंह जिले के तावडू के मोहम्मदपुर अहीर थाना क्षेत्र के चाहलका गांव का रहने वाला है। आबिद खान को साल 2014 में दर्जमामले में स्पेशल स्टाफ नई दिल्ली को तलाश थी।

# रोडवेज कर्मियों को चंडीगढ़ जाने के लिए लेनी होगी अनुमति

- बिना विभागीय कार्य या अनुमति के मुख्यालय जाने पर लगाम, सिरसा समेत सभी डिपो में व्यवस्था लागू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चंडीगढ़

हरियाणा रोडवेज विभाग ने कर्मचारियों के अनधिकृत रूप से चंडीगढ़ स्थित मुख्यालय जाने पर रोक लगाने के लिए नई व्यवस्था लागू की है। अब राज्य के किसी भी डिपो के कर्मचारी को विभागीय कार्य, बैठक या व्यक्तिगत कार्य से चंडीगढ़ जाने से पहले संबंधित डिपो के महाप्रबंधक से लिखित अनुमति या पर्ची लेनी होगी। विभाग के अनुसार कई कर्मचारी बिना किसी ठोस कारण या आधिकारिक कार्य के मुख्यालय पहुंच जाते थे। इससे डिपो में कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्यप्रणाली प्रभावित होती थी। इसी को देखते हुए कर्मचारियों के चंडीगढ़ जाने को अनुमति आधारित किया गया है।

नई व्यवस्था के तहत सिरसा समेत प्रदेश के सभी रोडवेज डिपो के कर्मचारियों को चंडीगढ़ जाने का कारण बताते हुए जीएम से अनुमति लेनी होगी। बिना अनुमति मुख्यालय जाने वाले कर्मचारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जा सकती है। विभाग का उद्देश्य डिपो में अनुशासन बनाए रखने के साथ कर्मचारियों की कार्यस्थल पर उपस्थिति सुनिश्चित करना है। साथ ही बिना वजह मुख्यालय के चक्कर लगाने की प्रवृत्ति पर भी रोक लगाना है।

# हिसार में स्वाइन फ्लू से महिला की मौत

- जिले में एच1एन1 संक्रमित मरीजों की संख्या 61 पर पहुंची, इस सीजन में दूसरी मौत, दो साल का मासूम भी संक्रमण की चपेट में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

जिले में स्वाइन फ्लू (एच1एन1) संक्रमण का फैलाव लगातार चिंता बढ़ा रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक संक्रमण के नए मामले सामने आने के बीच गांव बिठमड़ा निवासी 69 वर्षीय महिला की बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला का हिसार के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। वहीं, बुधवार को आई जांच रिपोर्ट में छह नए मरीजों में स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई है। इनमें दो साल का मासूम बच्चा भी शामिल है। नए मामलों के साथ जिले में इस सीजन में एच1एन1 संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 61 हो गई है, जबकि बीमारी से मौत का यह दूसरा मामला है। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. सुभाष खतरेजा ने बताया कि बिठमड़ा निवासी 69 वर्षीय महिला की जांच में स्वाइन फ्लू की पुष्टि होने के बाद उनका उपचार किया जा रहा था, लेकिन बुधवार को उनकी मौत हो गई।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी सामने आ रहे केस

बुधवार को सामने आए छह नए मामलों में हिसार के विद्या नगर निवासी दो वर्षीय बच्चा भी शामिल है। मॉडल टाउन की पब्लिक हेल्थ कॉलोनी निवासी 48 वर्षीय महिला, जिंदल कॉलोनी निवासी 26 वर्षीय महिला, हांसी की जगदीश कॉलोनी निवासी 79 वर्षीय बुजुर्ग, गांव खेड़ी बर्की निवासी 30 वर्षीय युवक और गांव हारिता निवासी 81 वर्षीय बुजुर्ग महिला की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। नए मामलों ने यह संकेत दिया है कि संक्रमण का दायरा ग्रामीण क्षेत्रों में भी है।



### लगातार बुखार-खांसी हो तो डॉक्टर से संपर्क करें

सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बुखार के साथ लगातार खांसी, सांस लेने में परेशानी या अत्यधिक कमजोरी जैसे लक्षणों को सामान्य वायरल समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसी स्थिति में खुद से दवा लेने के बजाय डॉक्टर से जांच और उचित सलाह लेनी चाहिए।

### अर्धनग्न हालत में पानी के खाल में युवती की लाश मिली, माथे पर चोट

यमुनानगर। पंचकूला-सहारनपुर हाइवे पर बुधवार सुबह करीब 10 बजे खेतों में पानी की खाल से एक युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवती के शरीर पर केवल अंदरूनी वस्त्र थे। आसपास उसके कपड़े भी नहीं मिले। उसके गले में मंगलसूत्र और पैरों में पाजेब थी। माथे पर चोट के निशान मिले हैं। युवती की उम्र करीब 30 से 32 साल है। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी राजीव मिगलानी के साथ पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। जांच के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। शुरुआती जांच में आशंका है कि युवती की हत्या कर शव यहां फेंका गया है। पुलिस युवती की पहचान की कोशिश कर रही है। पुलिस ने शव को जगाधरी सिविल अस्पताल में रखवाया है। डीएसपी राजीव मिगलानी ने बताया कि बुधवार को रुहला खेड़ी गांव के पास हाइवे किनारे पानी की खाल में शव पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही जगाधरी थाना पुलिस और सीआईए की टीमें मौके पर पहुंचीं।

## सोनीपत के प्रॉपर्टी डीलर हत्याकांड में पुलिस के हाथ लगी कामयाबी

# एनकाउंटर में दो बदमाशों को पैर में गोली मारकर दबोचा, एक नाबालिग भी काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

नरेला में सोनीपत के प्रॉपर्टी डीलर प्रमोद की हत्या के आरोपियों को पुलिए ने एनकाउंटर कर दबोच लिया। स्पेशल स्टाफ ने मंगलवार-बुधवार रात रोहिणी सेक्टर-24 में हत्याकांड से जुड़े तीन आरोपियों को मुठभेड़ के बाद पकड़ा है। जवाबी फायरिंग में दो आरोपियों के पैर में गोली लगी है। एक नाबालिग आरोपी भी पुलिस की गिरफ्त में है। गिरफ्तार आरोपियों में नितिक और एक नाबालिग सोनीपत, वहीं, आरोपी दीपक चरखी दादरी का रहने वाला है। पुलिस ने मौके से तीन पिस्टल बरामद की हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

बता दें कि 3 सितंबर को दिल्ली के नरेला में जिम के बाहर प्रॉपर्टी डीलर प्रमोद की 16 गोलियां मारकर हत्या की गई थी। इस हत्याकांड की जिम्मेदारी भाऊ गैंग ने ली थी। गैंग ने दावा किया था रंगदारी की रकम न देने पर हत्या की गई। जानकारी के अनुसार, रोहिणी जिला स्पेशल स्टाफ को सूचना मिली थी कि नरेला के प्रॉपर्टी कारोबारी प्रमोद की हत्या में शामिल आरोपी रोहिणी सेक्टर-24 में आएंगे। इंस्पेक्टर संदीप गोदारा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बाइक से पहुंचे तीन संदिग्धों को घेर लिया। इस पर आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिसकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से दीपक और नितिक घायल होकर मौके पर गिर गए।

बता दें कि प्रमोद का सोनीपत के नाहरी गांव में प्रॉपर्टी डीलिंग का ऑफिस है। इसके अलावा गांव में एक बैंक्वेट हॉल भी है। परिवार का कहना है कि प्रमोद को पिछले कुछ दिनों से लगातार रंगदारी मांगी जा रही थी। कॉल करने वाले उससे मोटी रकम की मांग कर रहे थे। धमकियों के बाद प्रमोद अपनी सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित थे। वह अपने एक दोस्त की बुलेटप्रूफ गाड़ी में आने-जाने लगा था।



सोनीपत। पुलिस की गिरफ्त में हत्या के आरोपी।

### पढ़ाई छोड़कर अपराध की दुनिया में आया नितिक

आरोपी 21 वर्षीय नितिक सोनीपत के जौली गांव का निवासी है। परिवार के मुताबिक, आर्थिक तंगी के कारण उसने नौवीं कक्षा में ही पढ़ाई छोड़ दी थी। नितिक के पिता हरिकिशन की नवंबर 2017 में बीमारी के चलते मौत हो गई थी। वह ड्राइवर थे। अब पेंशन से घर का गुजारा चल रहा है। नितिक परिवार का इकलौता बेटा है। उसकी एक बड़ी बहन शादीशुदा है, जबकि दूसरी बहन सातवीं कक्षा में पढ़ रही है। पढ़ाई छूटने के बाद नितिक गोहाना में कुछ ऐसे युवकों के संपर्क में आया, जिनका संबंध अपराध की दुनिया से था। धीरे-धीरे उसकी संगत बदलती गई और वह आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गया। अब वह बहुत कम घर आता था।

### डेढ़ लाख के लिए दोस्त की हत्या का आरोपी पूर्व फौजी गिरफ्तार



**गुरुग्राम।** पीजी संचालक की उसके ही घर में गोली मारकर हत्या में बुधवार सुबह पुलिस ने आरोपी पूर्व फौजी अमरजीत ग्रेवाल को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अमरजीत भिवानी के बामला गांव का रहने वाला है। आरोप है कि मंगलवार शाम रिटायर्ड फौजी ब्याज पर दिए डेढ़ लाख रुपये पैसे वापस मांगने पहुंचा था। उसके दोस्त व पीजी संचालक ने 8 दिन की मोहलत मांगी, लेकिन विवाद बढ़ने पर रिटायर्ड फौजी ने उनके माथे में गोली मार दी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वारदात के समय पीजी संचालक की पत्नी और तीनों बच्चे पास में ही थे। एसीपी क्राइम नवीन शर्मा ने बताया कि आरोपी पिछले साल ही सेना से रिटायरमेंट लेकर आया था। उसके बाद से पैसे के लेन-देन का काम कर रहा था। जिस पिस्टल से मर्डर किया, वो लाइसेंसी है। आरोपी का कोर्ट से रिमांड मांगा जाएगा।

### कृषि विभाग ने जींद में मारा छापा

# पॉल्ट्री फार्म में कालाबाजारी को रखे खाद के 600 कट्टे बरामद

- पुलिस ने एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार, आरोप-किसानों की खाद को फैक्ट्रियों में बेचा जाना था

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद



कृषि विभाग की टीम ने गांव सच्चाखेड़ा से भिखेवाला रोड पर पॉल्ट्री फार्म पर छापेमारी कर अवैध रूप से भंडारण किए 600 खाद के कट्टे बरामद किए हैं, जबकि 720 कट्टे खाली मिले हैं। सदर थाना नरवाना पुलिस ने कृषि विभाग की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम, कालाबाजारी व धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है।

कृषि विभाग के एसडीओ सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांव सच्चाखेड़ा से भिखेवाला रोड पर बने पॉल्ट्री फार्म में खाद का अवैध रूप से भंडारण किया गया है। सूचना के आधार पर जब विभाग की टीम ने छापेमारी की तो वहां 600 कट्टे भरे तथा 720 कट्टे खाली बरामद हुए। खाद के कट्टों को दूसरे कट्टों में बदला गया था। जब पॉल्ट्री फार्म के संचालक से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि गांव बरसोला निवासी रविन ने खाद के कट्टों को उसके फार्म में रखवाया है। खाद को किसानों में वितरण करने की बजाय उसे फैक्ट्रियों में महंगे दामों पर बेचा जाना था।

कृषि विभाग की टीम ने खाद के दो सैंपल भी भरे हैं। सदर थाना नरवाना पुलिस ने कृषि विभाग के एसडीओ सुनील की शिकायत पर रविन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रवीन को गिरफ्तार कर लिया है। सदर थाना नरवाना के जांच अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि कृषि विभाग की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

# दादा के पीछे घर से निकले 3 वर्षीय पोते की माइनर में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

नेशनल हाइवे स्थित गांव खाराखेड़ी में बुधवार सुबह 3 साल का इवान बिश्नोई माइनर में डूब गया। इवान अपने दादा के पीछे-पीछे माइनर की तरफ गया था। मिली जानकारी के अनुसार, खाराखेड़ी गांव की ढाणी में रहने वाले महेंद्र बिश्नोई किसी काम से बाहर गए थे। उन्होंने ढाणी के पास से गुजर रही सारंगपुर माइनर को पार किया। उनका 3 साल का पोता इवान भी उनके पीछे चल पड़ा, लेकिन दादा को इस बात का पता नहीं चला।

थोड़ी देर बाद महेंद्र घर लौटे। परिजनों ने देखा तो इवान घर पर नहीं था। आसपास पता करने पर ढाणी के लोगों ने बताया कि उन्होंने इवान को महेंद्र के पीछे जाते देखा था। इसके बाद परिजनों को माइनर में बच्चे के गिरने की आशंका हुई। उन्होंने माइनर के बहाव की तरफ आगे जाकर देखा। कुछ ही दूरी पर जलघर की तरफ जाने वाले खाले के पास इवान पानी में बेसुध हालत में मिला। परिजन तुरंत उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



### पानी की बाल्टी में डूबने से मासूम की मौत



**फरीदाबाद।** जीवन नगर पार्ट-2 में ईदगाह के पास पानी से भरी बाल्टी में डूबने से एक साल के बच्चे आर्यन की मौत हो गई। हादसे के समय बच्चे की मां घर के ऊपर वाले कमरे में काम कर रही थी, जबकि उसके पिता बजरंगी काम पर गए थे। आर्यन की दादी मीना ने बताया कि परिवार के सभी लोग अपने-अपने काम में व्यस्त थे। आर्यन छत पर खेल रहा था। खेलते हुए वह बाथरूम के पास रखी पानी की बाल्टी के अंदर मुंह की तरफ से गिर गया। दम घुटने से उसकी मौत हो गई।

### एटीएम उखाड़ने के गिरोह का मास्टरमाइंड दबोचा, 10 मशीन उखाड़ चुका

**फरीदाबाद।** छायंसा थाना क्षेत्र में एटीएम उखाड़ने के मामले में पुलिस ने गिरोह के सरगना को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पहले से 38 मामले दर्ज हैं, जिनमें से करीब 10 मामले एटीएम उखाड़ने के है। आरोपी की पहचान धौज गांव निवासी 42 वर्षीय हनीश उर्फ होशी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी पर 4 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। जानकारी के अनुसार, 13-14 अगस्त की रात आरोपियों ने चोरी की फॉर्च्यूनर गाड़ी की मदद से एसबीआई का एटीएम उखाड़ लिया था। उसमें 8 लाख रुपये से ज्यादा की नकदी थी। आरोपियों ने बेल्ट की मदद से एटीएम को फॉर्च्यूनर से बांधा और खींचकर उखाड़ लिया। इसके बाद एटीएम को गाड़ी की डिग्गी में रखकर धौज गांव के पहाड़ में ले गए। वहां मशीन को तोड़कर नकदी निकाल ली। इस मामले में पुलिस आरोपी के 3 साथियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस के अनुसार, हनीश गिरोह का मुख्य साजिशकर्ता था और वारदात की योजना में उसकी अहम भूमिका थी। पुलिस ने हनीश उर्फ होशी को गिरफ्तार करने के बाद 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। रिमांड पूरा होने के बाद पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# भूमि अधिग्रहण मुआवजा देने के बदले 10 हजार रिश्वत लेता पटवारी काबू

- मुआवजे की अंतिम किस्त के रूप में एक लाख रुपये आने थे, राशि जारी करने के लिए मांगी जा रही थी रिश्वत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने भूमि अधिग्रहण विभाग में पुनर्नियुक्ति पर तैनात पटवारी भूप सिंह को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पटवारी पर भूमि अधिग्रहण मुआवजे की बकाया राशि जारी करने के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है।

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने इंस्पेक्टर राजबीर सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की जबकि एएसआई वीरेंद्र कुमार, एएसआई भरतलाल, एसआई राजेन्द्र सिंह टीम में शामिल रहे। पशु चिकित्सक डॉ. संजय कुमार ड्यूटी मजिस्ट्रेट रहे। शिकायतकर्ता के रिश्तेदार लक्ष्मी नारायण मित्तल के पक्ष में उपायुक्त की अदालत की ओर से 33 लाख रुपये का भूमि अधिग्रहण मुआवजा जारी करने के आदेश दिए गए थे। विभाग की ओर से करीब 32 लाख रुपये की राशि पहले ही जारी की जा चुकी थी, जबकि एक लाख रुपये की अंतिम बकाया राशि जारी होनी थी। आरोप है कि इस राशि को जारी करने के बदले पटवारी भूप सिंह शिकायतकर्ता से 10 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था।

शिकायतकर्ता ने मामले की जानकारी एसीबी को दी। शिकायत की जांच के बाद एसीबी ने आरोपी को रंगेहाथ पकड़ने के लिए जाल बिछाया। तय योजना के अनुसार जैसे ही शिकायतकर्ता ने पटवारी भूप सिंह को 10 हजार रुपये दिए, पहले से निगरानी कर रही एसीबी टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे मौके पर पकड़ लिया। टीम ने आरोपी के कब्जे से रिश्वत की रकम भी बरामद कर ली।

**राहत** नई हरियाणा लीज रेंटल चार्जेज रिम्बर्समेंट योजना लागू

# छोटे उद्यमियों को सरकार देगी किराए में 25% सहायता, सालाना 5 लाख तक मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पंचकूला

हरियाणा में छोटा कारोबार शुरू करने वाले उद्यमियों के लिए अब किराये का बोझ कुछ कम होगा। राज्य सरकार ने सूक्ष्म उद्यमों को लीज पर लिए गए औद्योगिक और व्यावसायिक परिसरों के किराये में 25 प्रतिशत तक सहायता देने की योजना शुरू की है। पात्र उद्यमों को अधिकतम 5 लाख रुपये प्रतिवर्ष तक की वित्तीय सहायता मिल सकेगी।

उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की नई हरियाणा लीज रेंटल चार्जेज रिम्बर्समेंट योजना का उद्देश्य नए सूक्ष्म उद्यमों को कारोबार शुरू करने के दौरान होने वाले भारी शुरुआती खर्च से राहत देना है। योजना के तहत सरकार चाहती है कि उद्यमी जमीन खरीदने और भवन बनाने में बड़ी रकम लगाने के बजाय तैयार सुविधाओं वाले औद्योगिक परिसरों, फ्लैटेड फैक्ट्रियों और प्लग-एंड-प्ले सुविधाओं में अपना कारोबार शुरू कर सकें। विश्व बैंक समर्थित रैंप कार्यक्रम के तहत शुरू की गई योजना का लाभ विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पात्र सूक्ष्म उद्यमों को मिलेगा। हालांकि व्यापारिक इकाइयों को योजना के दायरे से बाहर रखा गया है।



### धोखा देने पर ब्याज समेत होगी वसूली

योजना के अनुसार, 1 अप्रैल 2025 या उसके बाद वाणिज्यिक उत्पादन अथवा संचालन शुरू करने वाले नए सूक्ष्म उद्यम सहायता के लिए पात्र हो सकते हैं। इसके लिए वैध उद्यम पंजीकरण प्रमाणपत्र अनिवार्य होगा। लाभ लेने के लिए परिसर कम से कम तीन वर्ष के पंजीकृत व्यावसायिक लीज समझौते पर लिया होना चाहिए। परिसर किसी असंबंधित पक्ष से लिया जाएगा और उसे आगे किराये पर देने की अनुमति नहीं होगी। बंद हो चुके उद्यमों को सहायता नहीं मिलेगी। स्वास्थ्य, कौशल विकास, सूचना प्रौद्योगिकी, अनुसंधान एवं विकास, परीक्षण प्रयोगशालाओं, इंजीनियरिंग एवं डिजाइन, उपकरणों की मरम्मत तथा पर्यावरण सेवाओं सहित कई सेवा गतिविधियां योजना के दायरे में शामिल हैं। सहायता पहले आवेदन करने वाले को प्राथमिकता के आधार पर और बजट की उपलब्धता के अनुसार दी जाएगी। गलत जानकारी देकर सहायता लेने पर राशि 12 प्रतिशत वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज के साथ वापस ली जा सकती है और संबंधित उद्यम के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है।

### फेसबुक पर कमेंट करने पर किशोर को घर में नंगा कर पीटा

**पानीपत।** पानीपत में एक किशोरी की उसके ही घर में नंगा कर पीटा गया। आरोपियों ने स्वयं को पुलिस से बताया और पीड़ित किशोर से उसकी लोकेशन हासिल की और फिर उसके घर में घुसकर उसके साथ बर्बरता की। वहीं, आरोपियों ने किशोर के साथ मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया स्टेटस पर वायरल कर दिया। इधर, पीड़ित की मां ने इस मामले की शिकायत पर पुलिस से की है। वहीं, डीएसपी हेडक्वार्टर विकास कुमार ने बताया कि किशोर के साथ मारपीट का मामला उनके संज्ञान में है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, जांच में जो भी आरोपी दोषी पाया जाएगा उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि फेसबुक पर किसी लड़की की आईडी पर कमेंट करने पर आरोपियों ने यह कदम उठाया।

# सीएम मीटिंग के फैसलों की होगी सटीक मॉनिटरिंग

- एसओपी तैयार, तीन दिन में कार्यवाही का प्रारूप तैयार करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली बैठकों में लिए गए निर्णयों एवं दिए गए निर्देशों का समयबद्ध और परिणामोन्मुखी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू की है। इसके तहत हर निर्णय को स्पष्ट एक्शन प्वाइंट में परिवर्तित कर उसके लिए जिम्मेदार विभाग/अधिकारी, समय-सीमा और अपेक्षित परिणाम निर्धारित किए जाएंगे और अनुपालन की नियमित निगरानी की जाएगी।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी एसओपी के अनुसार, मुख्यमंत्री की बैठकों की मिनट्स ऑफ मीटिंग (एमओएम) केवल चर्चा का विवरण न होकर निर्णय एवं कार्यवाही केंद्रित दस्तावेज होंगे। जहां एक से अधिक विभागों की भूमिका होगी, वहां लीड डिपार्टमेंट/एजेंसी तथा संबंधित विभागों की जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से निर्धारित की जाएंगी। कार्यवाही का प्रारूप तीन कार्य दिवसों के भीतर तैयार किया जाएगा। अनुपालन की प्राथमिक एटीआर एमओएम के प्रसारण के बाद एक माह के भीतर प्रस्तुत की जाएगी। जिन कार्यों को निर्धारित अवधि में पूरा नहीं किया जा सकेगा, उनके संबंध में प्रत्येक माह अपडेटेड एटीआर प्रस्तुत करनी होगी। ऐसी एटीआर में अब तक की कार्रवाई, शेष कार्य, विलंब का कारण, वर्तमान स्थिति, संशोधित समय-सीमा तथा अपेक्षित सहयोग या निर्णय का स्पष्ट उल्लेख करना होगा।

## एफपीसीईई ने राज्यों पर कानून ठीक से लागू नहीं करने का लगाया आरोप

# रेरा कानून ठीक से लागू न होने से 27.6 लाख घर खरीदारों की रकम फंसी: एफपीसीईई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- 27.6 लाख घर खरीदार आवासीय परियोजना में देरी के कारण फंसे है
- रेरा 2016 में लागू हुआ, 10 साल पूरे होने पर रिपोर्ट हुई जारी
- नियामकीय नाकामी से घर खरीदारों को हो रहे नुकसान का उल्लेख



घर खरीदारों के संगठन एफपीसीईई ने रियल एस्टेट क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले रेरा कानून को राज्यों में ठीक से लागू नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि देशभर में करीब 27.6 लाख घर खरीदार आवासीय परियोजनाओं में देरी के कारण फंसे हुए हैं।

'फोरम फॉर पीपल्स कलेक्टिव एफर्ट्स' (एफपीसीईई) ने रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम (रेरा), 2016 के लागू होने के 10 साल पूरे होने पर जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही। रिपोर्ट में नियामकीय नाकामी से घर खरीदारों को हो रहे नुकसान का उल्लेख किया गया है।

### रेरा के क्रियान्वयन में कमी रही है

एफपीसीईई के अध्यक्ष अभय उपाध्याय ने कहा, ''रेरा एक कानून के रूप में विफल नहीं हुआ है, इसके क्रियान्वयन में कमी रही है। और जब क्रियान्वयन कमजोर पड़ता है, तो मजबूत से मजबूत कानून भी व्यवहार में विफल हो जाता है।

**बिल्डर को परियोजना की सभी जानकारी देनी होती है :** रेरा कानून के तहत बिल्डर को परियोजना से जुड़ी सभी जरूरी जानकारियां और मंजूरियां सार्वजनिक करनी होती हैं। उन्हें घर खरीदारों से प्राप्त राशि का 70 प्रतिशत अलग बैंक खाते में जमा करना भी आवश्यक है, जिसका इस्तेमाल केवल जमीन की लागत और परियोजना के निर्माण के लिए किया जा सकता है।

**प्रति परिवार 45 लाख रुपए की राशि फंसी हुई :** आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के 'रेरा ट्रैकर' के दो मार्च, 2026 के आंकड़ों के आधार पर रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि करीब 27.6 लाख घर खरीदार परिवारों की रकम बिल्डरों के पास फंसी हुई है।

### सुधार की तत्काल जरूरत

उपाध्याय ने कहा कि रिपोर्ट का उद्देश्य रेरा कानून के क्रियान्वयन में सुधार करना तथा उस अनुशासन और जवाबदेही को बहाल करना है, जिसके साथ कानून बनाया गया था। उन्होंने कहा, ''घर खरीदारों के लिए यह नियामकीय व्यवस्था का विषय न होकर उनकी जीवन भर की बचत, आवास और सुरक्षा से जुड़ा मामला है। और इसमें सुधार की तत्काल जरूरत है।''

### निर्धारित शर्तों की समुचित जांच नहीं की जा रही

*एफपीसीईई ने कहा कि रिपोर्ट के निष्कर्ष कई राज्यों में रेरा प्राधिकरणों के आधिकारिक रिकॉर्ड, परियोजनाओं की समयसीमा बढ़ाने संबंधी आदेश, नियामकीय दाखिलों और दर्ज फैसलों के आधार पर तैयार किए गए हैं। संगठन ने रेरा के क्रियान्वयन में कई खामियों का जिक्र करते हुए कहा कि परियोजनाओं की समयसीमा बढ़ाने की अनुमति देते समय कानून में निर्धारित शर्तों की समुचित जांच नहीं की जा रही है।*

### देरी को दूर करने नियमित किया जा रहा

*परियोजनाओं में देरी को दूर करने के बजाय उसे नियमित किया जा रहा है और प्रवर्तन की जगह प्रशासनिक रियायत ने ले ली है। उपाध्याय ने कहा, ''नियामकीय प्रक्रिया निवारक की भूमिका निभाने के बजाय ऐसी व्यवस्था बन गई है, जिसके जरिये देरी को संस्थागत रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने भी विलंबित आवासीय परियोजनाओं से जुड़े कई मामलों में नियामकीय प्रणाली के कामकाज पर गंभीर टिप्पणियां की हैं।*

## कच्चे तेल के दाम में उछाल, रुपया 34 पैसे टूटकर 95.08 बंद

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 34 पैसे लुढ़ककर 95.08 के स्तर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने से महंगाई तथा विदेशी मुद्रा की अधिक निकासी की आशंका से रुपये पर दबाव रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कमजोर शेयर बाजार और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली से भी रुपये पर दबाव बढ़ा।

## आर्सिल ने बड़े निवेशकों से जुटाए 220 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड यानी आर्सिल ने आईपीओ से पहले बड़े (एंकर) निवेशकों से 220 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी का आईपीओ बुधवार को अभिदान के लिए खुल गया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि बड़े निवेशकों को 139 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 1.58 करोड़ शेयर आवंटित किए गए। यह आईपीओ के 132-139 रुपये प्रति शेयर के मूल्य दायरे का ऊपरी स्तर है। आईपीओ 11 सितंबर को बंद होगा।


### सूचना

मैं, सुरेश कुमार पुत्र श्री माई राम निवासी मकान नंबर-786, वार्ड नंबर-23, नजदीक डी.आर.एम. स्कूल, विजय नगर, जींद, जिला जींद बयान करता हूं कि मेरा सही नाम मेरे मूल कागजातों के अनुसार जैसे कि आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य कागजातों में सुरेश कुमार (Suresh Kumar) दर्ज है परन्तु मेरे लड़के मोहित बेनीवाल के दसवीं कक्षा में मूल प्रमाण पत्र में मेरा नाम सुरेश बेनीवाल (Suresh Beniwal) लिखा हुआ है। सुरेश कुमार (Suresh Kumar) व सुरेश बेनीवाल (Suresh Beniwal) दोनों मेरे ही नाम हैं और मुझे दोनों नामों से जाना व पुकारा जाता है। मैं मेरे लड़के मोहित बेनीवाल (Mohit Beniwal) के पासपोर्ट में मेरा नाम सुरेश कुमार (Suresh Kumar) दर्ज करवाना चाहता हूं।



**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
(Succession Case)
IN THE COURT OF
**Sh. Devender**
Civil Judge (Senior Division), Kurukshetra
SUCC/16/2026
**BALJEET KAUR**
**Vs.**
**1. General Public**
CNR No. HRKU02-001413-2026
Next Date : 09.10.2026

Petition under section 372 of Indian Succession Act for grant of Succession Certificate.

**NOTICE TO :-**
**1. General Public**

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **09.10.2026 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Kurukshetra

Sd/- Devender
Civil Judge (Senior Division), Kurukshetra
Dated, this day of 07.09.2026



**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Sagar Sharma**
Civil Judge (Junior Division), Ganaur
**CANARA BANK**
**Vs.**
**RANBIR SINGH**
Civil Suit No. 467 of 2025
CNR No. HRSOA0-000584-2025
Next Date : 22.10.2026

Suit for Recovery of Rs. 2,08,037/-

**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Ranbir Singh son of Ram Saroop Son Of Murli Village Shekhpura Tehsil Ganaur District Sonipat-131101 also at Village Kheri Tega Tehsil Ganaur District Sonipat-131101**

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **22.10.2026 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat

Sd/- Civil Judge (Junior Division), Ganaur
Dated, this day of 09.09.2026



**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Sagar Sharma**
Civil Judge (Junior Division), Ganaur
**SMT. SARLA DEVI**
**Vs.**
**RAMNARAYAN ALIAS NARAYAN**
Execution petition No. 32 of 2026
CNR No. HRSOA0-000285-2026
Next Date : 22.10.2026

Execution Petition In the Civil Suit No.- CS-425-2020 Smt. Sarla Devi vs Ramnarayan alias Naryana decided on 04.05.2026

**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Ramnarayan alias Narayan Son of Rishal Singh alias Visaal Son of Roop Chand Village Panchi jattan at present Fauji Colony, Near Jind Chowk, Tehsil and District Rohtak.**

In above ttled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **22.10.2026 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat

Sd/- Civil Judge (Junior Division), Ganaur
Dated, this day of 09.09.2026



**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
**IN THE COURT OF HARSIMRAN KAUR KERON, Civil Judge Junior Division, Bahadurgarh**
RAVINDER S/o Balwant
Vs.
1. MADAN LAL S/o Nand Kishor
**CNR No. HRJRA0-000843-2024**
**Next Date:- 09-10-2026**
**CS-396/24**

**PUBLICATION ISSUED TO:**
3.KRISHNA D/O ANUP S/O JAGE 4. SUBHAS S/O JAGDISH RAI 6. RAKESH S/O NARESH S/O CHHOTE LAL 7. NARESH S/O CHHOTU S/O JOHRI VILL. BAMNOLI, BAHADURGARH VILL. BAMNOLI, BAHADURGARH 8. BALRAJ S/O MOHAR SINGH R/O VILL. SHIPUR, DELHI 9. SURESH KAUSHIK S/O ANTRAM 10. RAMPATI W/O SUJENDER SINGH 11. PARVINDER SINGH S/O BALBIR SINGH S/O KUNDAN LAL ALL RS/O VILL. BAMNOLI, TEH. BAHADURGARH, DISTT. JHAJJAR. 12 SUNITA W/O BIJENDER R/O VILL. KULASI, BAHADURGARH 13. DARSHNA D/O ANOOP S/O JAGERAM R/O VILL. BAMNOLI. BAHADURGARH, DISTT. JHAJJAR 14. VIRENDER S/O MAHENDER R/O VILL. KULASI.BAHADURGARH 17. KAUSHLIYA W/O PURSHOTAM 19. JAI SINGH S/O CHUNNI LAL 20. SAVITRI DEVI W/O SUDHIR 21. KAMLESH W/O SATBIR S/O SARDAR SINGH 22. SURESH DEVI W/O RAMBIR S/O SARDAR SINGH 23. NARAYANI DEVI W/O KRISHAN KUMAR S/O SARVAN SINGH 24. LAXMI D/O ANOOP S/O JAGERAM 25. RAKESH S/O RAM CHANDER S/O HARDWARI LAL ALL Rs/O VILL. BAMNOLI, BAHADURGARH, DISTT. JHAJJAR 26. SATISH S/O RAMDHARI S/O GANESHI R/O VILL. JATTI KALAN DISTT. SONIPAT 27. OM PARKASH S/O MEER SINGH S/O RAMNATH 28. VIRENDER S/O RANDHIR S/O RAM SAROOP 29. HARPAL SINGH S/O SURAJMAL S/O JIWAN ALL Rs/O VILL. BAMNOLI, BAHADURGARH 30. DILBAG S/O PIRTHI R/O VILL. MUNGAN, DISTT. ROHTAK 31. BITO DEVI W/C SHIVOM S/O HARDE SINGH R/O VILL. BAMNOLI, BAHADURGARH 32. KAVLESH D/O ANTRAM W/O RAJ SINGH R/O VILL. GUHANA, DISTT. SONIPAT 33. JAI NARAYAN S/O DHARAM SINGH 34.SUNITA WD/O SHYAM LAL S/O RAM PARSAD 36. SHELLI D/O SHYAM LAL S/O RAM PARSAD 37. SHAKUL S/O SHYAMLAL S/O RAM PARSAD 38. MANGAT RAM S/O RISAL CHAND 39. RAMESH S/O JEET RAM S/O MOLAR 40. SUSHILA W/O BALWAN ALL Rs/O VILL. BAMNOLI, BAHADURGARH, DISTT. JHAJJAR 41. OMPATI W/O SATPAL SINGH AHLAWAT R/O RAMA KRISHAN NAGAR COLONY, LINEPAR, BAHADURGARH, DISTT. JHAJJAR 42. ASHA MALIK W/O VIRENDER MALIK S/O RANDHIR 43. LAXMI W/O RAMLAL S/O NARAIN SINGH ALL Rs/O VILL. BAMNOLI, BAHADURGARH. DISTT. JHAJJAR 45. GEETA W/O KRISHAN S/O PARBHU R/O H.NO. 173,SEC-2, BAHADURGARH. DISTT. JHAJJAR 46. NARENDER GUPTA S/O CHHOTELAL R/O AGGARWAL COLONY, BAHADURGARH, DISTT. JHAJJAR, 48. SANTOSH W/O JETENDER S/O RANDHIR R/O HARI NAGAR, LINEPAR, BAHADURGARH, D STT. JHAJJAR 49.DARSHANA W/O SANJEEV S/O ANOOP SINGH R/O VILL. BAMNOLI, BAHADURGARH DISTT. JHAJJAR 50. SUNITA W/O JAIBIR SINGH S/O WAZIR SINGH R/O VILL. CHHARA, BAHADURGARH, D STT. JHAJJAR 51. OMWATI W/O SURAJMAL S/O RAMSAROOP R/O VILL. CHHARA, BAHADURGARH. DISTT. JHAJJAR 52. VISHAVNATH S/O DULICHAND 53. SUNITA D/O SHRI BHAGWAN S/O RAM PARSAD 54. BABITA D/O SHRI BHAGWAN S/O RAM PARSAD 55. SARITA D/O SHRI BHAGWAN S/O RAM PARSAD 56. RAJESH S/O SHRI BHAGWAN S/O RAM PARSAD 57. VINAY S/O SHRI BHAGWAN S/O RAM PARSAD 58. SANJEEV S/O SHRI BHAGWAN S/O RAM PARSAD 59. ASHOK S/O JAGDISH 60. SUSHILA WD/O BIJENDER S/O BALMAT 61. SANJANA D/O BIJENDER S/O BALMAT 62. NIRMALA W/O SHRI BHAGWAN S/O RAM PARSAD 63. SACHN CHHILAR S/O BIJENDER S/O BALMAT 64. DHANNO DEVI W/O BALVIR SINGH S/O KUNDAN LAL ALL. R/O VILL. BAMNOLI, BAHADURGARH. DISTT. JHAJJAR 65. CHANNO DEVI W/O BALVIR SINGH S/O KUNDAN LAL R/O VILL. KHERI SHAD, DISTT. ROHTAK 66. JAIVINDER SINGH S/O BABIR SINGH R/O NEHRU PARK, BAHADURGARH, DISTT. JHAJJAR 68. RAVINDER S/O RAM KUMAR S/O AKHERAM 69. SNEHLATA W/O HARIOM S/O MEER SINGH 70. VIRENDER MALIK S/O RANDHIR SINGH 71. RANJEET S/O NICHHATAR ALL R/O VILL. BAMNOLI, BAHADURGAR, DISTT. JHAJJAR 72. KANTA W/O PHOOLKANWAR S/O NAHNE R/O VILL. MATTAN, BAHADURGARH DISTT. JHAJJAR 73. JASWANTI S/O NICHHATAR 74. SAHIL KUMAR S/O JAGAT SINGH S/O RAMESH 75. RAM LAL S/C NARAIN SINGH S/O KHEM CHAND ALL R/O VILL. BAMNOLI, BAHADURGARH, DISTT. JHAJJAR 76. SANTRA W/O NARESH R/O H.NO. 650, SEC-6, BAHADURGARH DISTT. JHAJJAR 77. MUKESH S/O JEET SINGH 78. SUSHILA W/O RAM KUMAR 79. NIRMALA W/O RAM NIWAS 80. SUMAN W/O ANIL 81. VIJENDER DABAS S/O NARAYAN SINGH ALL R/O VILL. BAMNOLI, BAHADURGARH, DISTT. JHAJJAR

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 09-10-2026 at 10:00 a.m.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*

Sd/- Civil Judge,
Junior Division, Bahadurgarh
Dated, this day of 05-09-2026


# शेयर बाजार में हाहाकार डूबे 3.34 लाख करोड़

**मुंबई (भाषा)।** घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट आई। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के साथ कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने से मानक सूचकांक... बीएसई सेंसेक्स 813 अंक लुढ़क कर तीन महीने के निचले स्तर पर आ गया। वहीं एनएसई निफ्टी 23,450 अंक के नीचे फिसल गया। इस गिरावट ने निवेशकों को एक ही दिन में तगड़ा झटका दिया। बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का इसके कारण कुल मार्केट कैप 4,87, 64, 321.471 करोड़ रुपये से घटकर 4, 84,30,038.16 करोड़ रुपए रह गया। कारोबारियों के अनुसार, सूचना प्रौद्योगिकी, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी), वित्तीय सेवाएं और तेल एवं गैस कंपनियों के शेयरों में बिकवाली और विदेशी निवेशकों की नए सिरे से पूंजी निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 813.35 अंक यानी 1.08 प्रतिशत लुढ़क कर करीब तीन महीने के निचले स्तर 74,764.23 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 203.60 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,431.50 अंक पर बंद हुआ।

# सोने की कीमतों में तीसरे दिन आई गिरावट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



**सोना 100 रुपए टूटकर 1,58,000 रुपये प्रति दस ग्राम**

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को कम मांग के कारण सोने की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट आई और यह 100 रुपये टूटकर 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले सत्र में 1,58,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

चांदी ने इस रुख के उलट प्रदर्शन किया और लगातार दूसरे सत्र में अपनी बढ़त जारी रखी। यह मंगलवार के 2,41,100 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 2,300 रुपये बढ़कर 2,43,400 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक -जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''सोने की कीमत एक सीमित दायरे में रही है क्योंकि निवेशक इस सप्ताह के आखिर में आने वाले महत्वपूर्ण अमेरिकी महंगाई आंकड़ों से पहले सतर्क रुख अपना रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच लगातार महंगाई को लेकर चिंताएं फिर से बढ़ा दी हैं। गांधी ने कहा, ''ऊर्जा की अधिक लागत महंगाई के दबाव को बढ़ा सकती है और इस संभावना को मजबूत कर सकती है कि ब्याज दरें ऊंची बनी रह सकती हैं, जिससे सर्राफा में बढ़त सीमित हो सकती है।'' वैश्विक बाजार में, हाजिर सोना 43.67 डॉलर या एक प्रतिशत बढ़कर 4,399.22 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 66.25 डॉलर प्रति औंस हो गई।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि अम्बाला जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड | श्री तेग बहादुर साहिब राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, यमुनानगर में मिल्क पार्लर सह अमृत फार्मेसी का निर्माण/फैब्रिकेशन। | 14.09.2026 05.10.2026 | रु. 23,000/- श्र व नि समितियों हेतु | vita.haryana.gov.in | 9729875323 mikplam@vitaambala.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/49065/I/88/6 दि. 09.09.26



### हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि रोहतक सह. दुग्ध उत्पादक संघ लि., रोहतक | 2026_HBC_ 535820_1 | तिथि 16.09.2026 अप. 16:00 बजे तक बढ़ाई गई, खुलना 17.09.2026 पूर्वा. 11:30 बजे | vitaindia@gmail.com | 9896401185 vitarohtak@gmail.com |
| 2 | दि रोहतक सह. दुग्ध उत्पादक संघ लि., रोहतक | 2026_HBC_ 536642_1 | तिथि 16.09.2026 अप. 16:00 बजे तक बढ़ाई गई, खुलना 17.09.2026 पूर्वा. 11:30 बजे | vitaindia@gmail.com | 9896401185 vitarohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/49079/I/88/6 दि. 09.09.26



### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


- कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंची

# पेट्रोलियम कंपनियों को पेट्रोल पर 5 और डीजल पर 23 रुपये का नुकसान

**नई दिल्ली (एजेंसी )।** पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने से सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों को पेट्रोल की बिक्री पर करीब पांच रुपये और डीजल पर 23 रुपये प्रति लीटर का नुकसान हो रहा है। विश्लेषकों ने बुधवार को यह जानकारी दी। कच्चे तेल की कीमत जुलाई के बाद अपने सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है। इससे पहले 23 जुलाई को इसकी कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर थी।अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 2.5 प्रतिशत बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो गई है, जबकि अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) कच्चा तेल करीब दो प्रतिशत बढ़कर 95 डॉलर प्रति बैरल के आसपास आ गया। यह तेजी अमेरिका और ईरान के बीच हालिया तनाव तथा एक-दूसरे के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई के बाद आई है।दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक और उपभोक्ता देश भारत पर अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का सीधा असर पड़ता है।


### उत्तर रेलवे
#### ई नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए **IREPS** वेबसाइट पर ई-नीलामी के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

ऑटोमैटिक वेंडिंग मशीनें (AVMs)
नीलामी केटलॉग सं.: UMB-Mix-38-2026 — रेट यूनिट: वार्षिक लाइसेंस फीस — आकार: -4'X4' फीट

| लॉट नं. | Station | AVM की सं. | विवरण | नीलामी शुरू होने की तारीख और समय | नीलामी बंद होने की तारीख और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| MSS-UMB- SRE-AVM-100-26-1 | सहारनपुर (SRE) | 03 | 01 AVM at प्लेटफॉर्म नंबर 03 पर। | 17.09.2026 को 12:00 बजे | 17.09.2026 को 13:30 बजे |
| | | | 01 AVM 2nd क्लास वेटिंग हॉल के पास। | | |
| | | | 01 AVM प्लेटफार्म नंबर 04 पर। | | |
| | यमुनानगर जगाधरी (YJUD) | 02 | 01 AVM UTS/PRS हॉल में। | | |
| | | | 01 AVM प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 पर | | |
| MSS-UMB- SAG-AVM-98-26-1 | संगरूर (SAG) | 02 | 01 AVM जीआरपी ऑफिस के पास प्लेटफार्म नंबर 01 पर। | 17.09.2026 को 12:00 बजे | 17.09.2026 को 13:40 बजे |
| | | | 01 AVM प्लेटफार्म नंबर 01 के वेटिंग हॉल में। | | |
| | सुनाम उधम सिंह वाला (SFMU) | 01 | 01 AVM प्लेटफार्म नंबर 01 पर। | | |
| MSS-UMB- PTA-AVM-102-26-1 | पटियाला (PTA) | 04 | 01 AVM 2nd क्लास वेटिंग हॉल के सामने। | 17.09.2026 को 12:00 बजे | 17.09.2026 को 13:50 बजे |
| | | | 01 AVM वाटर बूथ नंबर 06 के पास। | | |
| | | | 01 AVM एग्जीक्यूटिव लाउंज के सामने। | | |
| | | | 01 AVM वाटर बूथ नंबर 10 के पास। | | |
| MSS-UMB- PTA-AVM-1023-26-1 | राजपुरा (RPJ) | 03 | 01 AVM UTS/PRS हॉल में। | 17.09.2026 को 12:00 बजे | 17.09.2026 को 14:00 बजे |
| | | | 01 AVM प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 पर, ट्रॉली नंबर 4 के पास प्लेटफॉर्म शेड के नीचे। | | |
| | | | 01 AVM PF नंबर 1 पर PF शेड के नीचे OSOP स्टॉल के पास। | | |
| | अंबाला सिटी (UBC) | 01 | 01 AVM अंबाला सिटी में SS ऑफिस के सामने। | | |
| MSS-UMB- DUI-AVM-97-26-1 | धुरी (DUI) | 02 | 01 AVM बुकिंग काउंटर के पास। | 17.09.2026 को 12:00 बजे | 17.09.2026 को 14:10 बजे |
| | | | 01 AVM प्लेटफॉर्म नंबर 01 पर। | | |

ई-नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखे।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — 3092/2026


## राशिफल


**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**वृष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।


**मिथुन** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।


**कर्क** — परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।


**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।


**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।


**तुला** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।


**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


**धनु** — मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।


**मकर** — आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।


**कुंभ** — खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।


**मीन** — कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

# एक ही दिन में खुले छह आईपीओ तीन को मिला पूर्ण अभिदान

**नई दिल्ली (एजेंसी )।** स्थानीय शेयर बाजार में निवेशकों की मजबूत दिलचस्पी के बीच बुधवार को एक ही दिन में छह कंपनियों के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) खुले। इस बीच रेंटोमोजो, करमतारा इंजीनियरिंग और एलसीसी प्रोजेक्ट्स के आईपीओ को पहले ही दिन ही पूर्ण अभिदान मिल गया। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, स्टीमहाउस इंडिया के आईपीओ को 42 प्रतिशत और एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड यानी आर्सिल के आईपीओ को 38 प्रतिशत अभिदान मिला। वहीं, मणिपाल पेमेंट एंड आइडेंटिटी सॉल्यूशंस के आईपीओ को सबसे कमजोर प्रतिक्रिया मिली और इसे 17 प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ। रियल एस्टेट कंपनी प्रणव कंस्ट्रक्शंस के 351 करोड़ रुपये के आईपीओ को अंतिम दिन 121 गुना अभिदान मिला। कंपनी को आईपीओ के तहत पेश 2.24 करोड़ शेयर के मुकाबले 272 करोड़ शेयर के लिए बोलियां मिलीं। यह आईपीओ सात सितंबर को खुला और नौ सितंबर बंद हुआ था। इसके लिए मूल्य दायरा 118-124 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था। छह कंपनियों के आईपीओ बुधवार को जबकि, तीन अन्य के आईपीओ एक दिन पहले खुले थे।

## शब्द पहेली - 6343



**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

### शब्द पहेली- 6342 का हल





## खबर संक्षेप

### छेड़छाड़ से परेशान छात्रा ने खाया जहर, मौत

**कोरबा।** पाली थाना क्षेत्र में 21 वर्षीय कॉलेज छात्रा की विषैला पदार्थ खाने के बाद मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तीन दिन तक उपचार के बाद छात्रा ने दम तोड़ दिया। मृतका के परिजनों ने गांव के ही 17 वर्षीय नाबालिग किशोर पर लंबे समय से छात्रा को परेशान और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। स्वजनों का कहना है कि किशोर रास्ते में छात्रा का पीछा करता था और उस पर मिलने के लिए दबाव बनाता था।

### गाय चोरी के शक में पीट-पीटकर हत्या

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर में गाय चोरी के संदेह में कुछ लोगों ने 35 वर्षीय व्यक्ति की पीट-पीट कर कथित तौर पर हत्या कर दी और फरार हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेंद्र सिंह ने बताया कि लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की गाय गायब हो गई थी जिसके बाद कुछ लोग उसे अलग-अलग स्थानों पर खोज रहे थे।

### पंजाबः कलमबंद हड़ताल कर्मियों ने वापस ली

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने बुधवार को अपनी कलमबंद हड़ताल वापस ले ली। मुख्य सचिव की ओर से यह आश्वासन दिए जाने के बाद कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त करने का फैसला किया कि उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए जारी कारण बताओ नोटिस वापस ले लिए जाएंगे। यह घटनाक्रम 'पंजाब सांझा मुलाजिम मंच' के प्रतिनिधियों और मुख्य सचिव के. ए. पी. सिन्हा के बीच बुधवार को यहां हुई बातचीत के बाद सामने आया।

### राहुल ने फोन पर मंत्री को टूटी सड़कें दिखाईं

**रायबरेली ।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं रायबरेली से कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में क्षेत्र की खराब सड़कों की तस्वीरें दिखाकर अधिकारियों से जवाब मांगा। दिशा की बैठक के नामित सदस्य उमेश बहादुर सिंह उर्फ बबलू सिंह ने बताया कि बैठक में राहुल एक अलग अंदाज में नजर आये और उन्होंने पीएमजीएसवाई के तहत बनवायी गयी सड़कों में गड्ढे होने की तस्वीरें दिखायीं।

# अहमदाबाद में भाई ने बहन की हथौड़े मारकर ली जान

## लड़के के साथ वीडियो वायरल होने से नाराज था

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरार के अहमदाबाद में 22 साल की सोफिया की हत्या के आरोप में पुलिस ने उसके पिता मोहम्मद फारूक और भाई मोहम्मद हाबिल को गिरफ्तार किया है। दोनों को शक था कि सोफिया का किसी युवक से रिश्ता था।

पुलिस के मुताबिक, इसी शक में दोनों ने हत्या की साजिश रची। 12 अगस्त की रात सोफिया का शव सड़क पर मिला था। पास में बाइक पड़ी थी और उसका भाई घायल हालत में मिला। भाई ने पुलिस को बताया कि अज्ञात वाहन ने बाइक को पीछे से टक्कर मारी, जिससे सोफिया की मौत हो गई। पुलिस ने जब दुर्घटना की जांच शुरू की तो मामला हत्या का निकला। पुलिस के मुताबिक, पिता और भाई ने पहले सोफिया के सिर पर हथौड़े से वार किए और फिर शव को सड़क पर रखकर हत्या को हिट एंड रन हादसा दिखाने की कोशिश की।

वारदात को फिर एक्सीडेंट दिखाया, अब गिरफ्तार



### फुटेज से हुआ खुलासा

पुलिस को हादसे वाली जगह पर किसी दुर्घटना के सबूत नहीं मिले। सीसीटीवी फुटेज में भी उस जगह कोई दूसरा वाहन दिखाई नहीं दिया। इसके बाद पुलिस ने हाबिल से पूछताछ की। पुलिस पूछताछ के दौरान हाबिल ने पिता मोहम्मद फारूक के साथ मिलकर हत्या करने की बात कबूल कर ली।

## कानपुर में कारोबारी के साथ वारदात

# नशे में धुत युवक को सड़क पर पेशाब करने से रोकने पर हत्या

भाषा ▶▶ कानपुर (उप्र)

उप्र के कानपुर के काकादेव इलाके में सड़क पर पेशाब करने का विरोध करने पर चार युवकों ने व्यवसायी की कथित तौर पर ईंट से वार करके हत्या कर दी।

पुलिस सूत्रों ने बुधवार को कहा कि सीसीटीवी फुटेज से घटनाओं का चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। यह घटना काकादेव में ओम क्रॉसिंग के पास शनिवार आधी रात के आसपास हुई। उन्होंने बताया कि नवीन नगर निवासी व्यवसायी अमित कुमार (47) दुकान बंद करके घर लौट रहे थे तभी सड़क किनारे शराब पी रहे चार युवकों में से सड़क पर पेशाब करने लगा, जिस पर कुमार ने इस कड़ी आपत्ति जताई। इसके बाद बहस छिड़ गई और युवक ने कथित तौर पर उनके साथ दुर्व्यवहार किया, तभी उसके तीन अन्य साथी भी आ गए और कुमार को घेर कर सिर पर ईंट से वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। लाल ने कहा कि जब कुछ राहगीरों ने हस्तक्षेप का प्रयास किया। कुमार को शुरू में पास के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया और बाद में अनुराग अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान सोमवार रात उनकी मौत हो गई।

### सीसीटीवी फुटेज से घटना का खुलासा



# वंदे मातरम् को लेकर फिर छिड़ी रार

## गायन पर कांग्रेस की आपत्ति अराजकतावादी सोच : नवीन



भाजपा सेवा संकल्प अभियान शुरू करेगी

**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को वंदे मातरम् के पूर्ण संस्करण के गायन पर कांग्रेस की आपत्ति को उसकी 'भारत विरोधी सोच' करार दिया। नवीन ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उनके 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रमों को लेकर कहा कि इसकी 'गूंज' उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं से आगे नहीं जाएगी। जनवरी में भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद यहां भाजपा मुख्यालय में अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में नवीन ने आप पर भी हमला बोला और पंजाब में उसके शासन के दौरान अराजकता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा पंजाब में नशे की समस्या के खिलाफ जन आंदोलन शुरू करेगी और आगामी विधानसभा चुनाव में आप सरकार के दौरान पनपे "भ्रष्टाचार" समेत इन मुद्दों को उठाएगी। नवीन प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन (17 सितंबर) के अवसर पर देशभर में शुरू होने वाले एक महीने के 'सेवा संकल्प अभियान' की घोषणा के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस अभियान के तहत प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के मौके पर युवाओं से जुड़ाव और जनभागीदारी पर केंद्रित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### सीएम उमर ने पूरा वंदे मातरम् गायाः कांग्रेस ने आपत्ति जताई



**श्रीनगर (एजेंसी)।** श्रीनगर में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला की मौजूदगी में पूरा वंदे मातरम् गाए जाने पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है। इस पर उमर की पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस ने कहा कि गठबंधन के सहयोगियों पर शर्तें थोपने का अधिकार कांग्रेस का नहीं है। वहीं, बीजेपी ने कांग्रेस को 'मुस्लिम लीग' की राजनीति करने वाली पार्टी बताया। विवाद सोमवार को जम्मू-कश्मीर के अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में राष्ट्रीय गीत का पूरा संस्करण गाए जाने के बाद शुरू हुआ। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कार्यक्रम का वीडियो शेयर करते नेशनल कॉन्फ्रेंस से अपील की कि वह कांग्रेस के साथ खड़ी रहे और वंदे मातरम के 2 पैरा गाने के पक्ष में अपना रुख कायम रखे।

# उप्र और बिहार में बाढ़ व पौड़ी में लैंडस्लाइड से जनजीवन प्रभावित

## नेपाल में हुई भारी वर्षा से कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रहीं

### मध्यप्रदेश में बारिश थमी, केदारनाथ में बर्फबारी के बाद मौसम हुआ साफ

एजेंसी ▶▶ लखनऊ/पटना



उत्तर भारत में बारिश कहर बनी हुई है। उप्र और बिहार में बाढ़ से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। उधर उत्तराखंड के पौड़ी में लैंडस्लाइड से आम लोगों को भारी परेशानी की सामना करना पड़ रहा है। बिहार में पिछले चार-पांच दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश और नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी वर्षा के कारण 14 जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। राज्य में 41.45 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। नेपाल में हुई भारी वर्षा के कारण भी कई नदियां विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। उत्तर प्रदेश में बारिश के चलते लखीमपुर और बरेली में कक्षा 8 तक के सभी



स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। वाराणसी में प्री-प्राइमरी से कक्षा 5 तक के सभी स्कूल बंद रहेंगे। आज वाराणसी और प्रयागराज समेत 23 जिलों में बारिश का अलर्ट है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले दो दिनों में कुछ जगहों पर बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है, जबकि राज्य के पश्चिमी हिस्सों में मौसम के मुख्य रूप से शुष्क रहने की उम्मीद है। उधर पहाड़ी जिलों में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया गया है। मप्र में मानसून ने एक बार फिर 3 दिन का ब्रेक लिया है। भोपाल ने 11 सितंबर तक प्रदेश में कहीं भी भारी बारिश का अनुमान नहीं जताया है।

### बंगाल के मालदा में गंगा का जलस्तर बढ़ा

पश्चिम बंगाल के मालदा में गंगा का जलस्तर बढ़ने से महानंदा टोला और आसपास के इलाकों में बाढ़ और तेज कटाव की स्थिति बनी हुई है। इससे करीब 15 से 20 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। छत्तीसगढ़ में अभी बारिश की एक्टिविटी कम है, लेकिन अगले 2-3 दिनों में मौसम का मिजाज बदल सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, कल यानी 10 सितंबर से पूरे प्रदेश में बारिश की एक्टिविटी बढ़ने के आसार हैं।

### दिल्ली में कल से हल्की बारिश का अनुमान

राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया, जबकि मौसम विभाग ने शुक्रवार से हल्की बारिश होने और इस दौरान आमतौर पर बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला में अधिकतम तापमान 36.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.6 डिग्री अधिक है।

### राजस्थान में कमजोर पड़ा मानसून

**जयपुर (भाषा)।** राजस्थान में मानसून के कमजोर पड़ने से बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक हफ्ते तक मौसम ऐसा ही रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी राजस्थान के जयपुर, भरतपुर, अजमेर, कोटा व उदयपुर संभाग के अधिकतर भागों में आगामी चार दिन तथा पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर संभाग के ज्यादातर भागों में आगामी पांच दिन कमजोर मानसून परिस्थितियां दर्ज होने की पूरी संभावना है।

### उत्तराखंड में भारी बारिश का यलो अलर्ट

उत्तराखंड में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने पहाड़ी जिलों के साथ ऊधम सिंह नगर में कहीं-कहीं गरज के साथ बिजली चमकने और बारिश के तीव्र से अति तीव्र दौर की संभावना को देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया है। 10 से 12 सितंबर तक देहरादून, टिहरी, नैनीताल, बागेश्वर, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी में तेज बारिश की संभावना है।

☛ रेलयात्री कृपया ध्यान दें! ☚

**लुधियाना जं.-जाखल-लुधियाना जं. पैसेंजर रेलगाड़ी का जींद जं. तक विस्तार**

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा रेलगाड़ी सं. 54054/54053 लुधियाना जं-जाखल-लुधियाना जं. पैसेंजर का विस्तार जींद जं. तक करने का निर्णय लिया गया है। इसका विवरण निम्नानुसार है:-

54054/54053 लुधियाना जं.-जाखल-लुधियाना जं. पैसेंजर रेलगाड़ी का जींद जं. तक विस्तार

| रेलगाड़ी सं. 54054 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 54053 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 18:30 | लुधियाना जं. | 08:30 | ---- |
| लुधियाना जं.-जाखल-लुधियाना जं. के बीच कोई परिवर्तन नहीं | | | | |
| 21:40 | 21:45 | जाखल जं. | 05:10 | 05:20 |
| 21:49 | 21:50 | हिम्मतपुरा | 04:55 | 04:56 |
| 21:56 | 21:57 | टोहाना | 04:47 | 04:48 |
| 22:03 | 22:04 | कालवन | 04:40 | 04:41 |
| 22:09 | 22:10 | धमतान साहिब | 04:34 | 04:35 |
| 22:18 | 22:19 | धारोदी | 04:25 | 04:26 |
| 22:25 | 22:26 | नरवाना जं. | 04:16 | 04:17 |
| 22:32 | 22:33 | घासो | 04:08 | 04:09 |
| 22:40 | 22:41 | उचाना | 04:02 | 04:03 |
| 22:44 | 22:45 | गांव बड़ौदा | 03:54 | 03:55 |
| 22:52 | 22:53 | बरसोला | 03:50 | 03:51 |
| 23:30 | ---- | जींद जं. | ---- | 03:40 |

**विस्तार की तिथि:**
54054 लुधियाना जं. से दिनांक 11.09.2026 से और
54053 जींद जं. से दिनांक 12.09.2026 से

उपरोक्त रेलगाड़ी के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

3114/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# गांधीनगर में निर्माणाधीन इमारत का हिस्सा गिरा, 11 मजदूर घायल, 5 का किया रेस्क्यू

## कई के मलबे में दबे होने की आशंका, क्रेन के गिरने से हादसा

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

गुजरात के गांधीनगर के पास कुडासन इलाके में बुधवार रात निर्माणाधीन इमारत का एक हिस्सा अचानक गिर गया। पहले खबर आई थी कि हादसा क्रेन के गिरने से हुआ। हादसे में 11 मजदूर घायल हो गए। मजदूरों को मलबे से निकाला गया। कई मजदूरों के अभी भी मलबे में दबे होने की आशंका है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक 'बॉस्की द एंपायर' नाम के इस प्रोजेक्ट में दो बिल्डिंग को जोड़ने के लिए कंस्ट्रक्शन किया जा रहा था। स्लैब के गिरने नीचे काम कर रहे कई मजदूर मलबे और लोहे के सरियों के नीचे दब गए। समूह का यह निर्माण कार्य पेठापुर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष नीलेश मोदी करवा रहे थे। नीलेश बेटी बॉस्की की शादी के लिए शिकागो गए हुए हैं।

### मप्रः जहरीली शराब से अब तक 28 की मौत, 16 पकड़े

**सागर (मप्र)।** सागर में जहरीली शराब से हुई मौतों के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। सीएम ने कहा कि आरोपियों पर आजीवन कारावास और फांसी वाली धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन को फ्री हैंड दिया गया है। अतिक्रमण तोड़ने समेत जो भी जरूरी कार्रवाई है, वह की जाए। बता दें कि सागर में जहरीली शराब पीने से अब तक 28 लोगों की मौत होने की बात सामने आई है। प्रशासन ने 15 मौतों की पुष्टि की है।

# ससुर राजनीति से संन्यास लें तभी आकाश को जिम्मेदारीः मायावती

**लखनऊ।** बसपा अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को अपने भतीजे आकाश आनंद के पार्टी में सियासी भविष्य को लेकर शर्त रखी की अगर उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ के राजनीति से संन्यास ले लें तो बसपा उनकी जिम्मेदारियां वापस देने पर विचार करेगी। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में सिद्धार्थ पर आरोप लगाया कि उन्होंने बसपा के मिशन से ज्यादा अपने 'निजी और पारिवारिक हितों तथा महत्वाकांक्षाओं' को अहमियत दी, जिसका असर उनके दामाद आकाश आनंद पर भी पड़ा। मायावती ने सिद्धार्थ का जिक्र करते हुए पोस्ट में कहा कि पार्टी ने इनको सुधरने का कई बार मौका दिया, लेकिन बसपा के मिशन से अधिक इन्होंने अपने निजी व पारिवारिक स्वार्थ व महत्वाकांक्षा को महत्व दिया।



### पंजाब के आईएएस से इडी ने की पूछताछ

**जालंधर (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को पंजाब के पूर्व मुख्य सचिव और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी अनुराग वर्मा का बयान एक धनशोधन मामले में दर्ज किया। यह मामला बिल्डरों और निजी रियल एस्टेट परियोजनाओं को फायदा पहुंचाने के लिए भूमि उपयोग में बदलाव की मंजूरी में कथित अनियमितताओं से जुड़ा है। वर्मा इस समय पंजाब के अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व) हैं।

सत्यमेव जयते

**प्रधानमंत्री छात्रवृति योजना**
**शैक्षणिक वर्ष 2026-27**

1. केन्द्रीय सैनिक बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध अनुमोदित पाठ्यक्रमों की सूची के अनुसार, व्यावसायिकध/तकनीकी डिग्री पाठ्यक्रमों का अनुसरण कर रहे भूतपूर्व सैनिकों और भूतपूर्व भारतीय तटरक्षक कर्मियों के आश्रितों / विधवाओं से प्रधानमंत्री छात्रवृति योजना हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। **यह योजना केवल उन छात्रों पर लागू होगी जो शैक्षणिक वर्ष 2026-27 में व्यावसायिक / तकनीकी डिग्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश कर रहे हैं।**
2. **छात्रवृति की राशि**
   (क) लड़कों के लिए 30000/- वार्षिक
   (ख) लड़कियों के लिए 36000/- वार्षिक
3. छात्रों से अनुरोध कि वे केन्द्रीय सैनिक बोर्ड की वेबसाइट से प्रधानमंत्री छात्रवृति योजना के लिंक पर क्लिक करके चेकलिस्ट, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ) एंव अन्य जानकारी को ठीक से पढ़ें तभी ऑनलाइन फार्म भरें ताकि आपका आवेदन पत्र खारिज न हो। लिखित आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
4. **प्रधानमंत्री छात्रवृति योजना के ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2026 है।**
5. छात्रों से अनुरोध है कि ठीक समय पर छात्रवृति के लिए आवेदन करें।
6. **यह छात्रवृति योजना केवल भूतपूर्व सैनिकों तथा भूतपूर्व भारतीय तटरक्षक कर्मियों के आश्रितों बच्चों एवं विधवाओं के लिए है। असैनिक कर्मियों के बच्चे योजना के पात्र नहीं हैं।**

केन्द्रीय सैनिक बोर्ड
वेस्ट ब्लाक IV, विंग VII, आर के पूरम, नई दिल्ली 110066
दूरभाष नंबर : 011-26862447 (सोमवार से शुक्रवार सुबह 0900 से 1730 शाम तक)
(वेबसाइटः ksb.gov.in)
CBC-10405/11/0002/2627

MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT & ENTREPRENEURSHIP GOVERNMENT OF INDIA
Skill India कौशल भारत-कुशल भारत

**भारत सरकार**
**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय**
*****

राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी), नई दिल्ली, (कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत एक असांविधिक विनियामक प्राधिकरण) में) अध्यक्ष पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
पात्रता मानदंड, निर्धारित प्रपत्र और अन्य आवश्यक जानकारी के साथ विस्तृत विज्ञापन इस मंत्रालय की वेबसाइट (http://www.msde.gov.in) पर उपलब्ध है। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में सभी तरह से पूर्ण अपना आवेदन संयुक्त निदेशक (ईएंडपी विंग) को ईमेल (ecopol-msde@gov.in) या डाक द्वारा 02.11.2026 को शाम 5:30 बजे तक या उससे पहले भेज सकते हैं।

हस्ताक्षर/-
संयुक्त निदेशक,
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 08 सितंबर, 2026

CBC-63101/11/0007/2627

हम अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को महत्व देते हैं।
हम अपने पेंशन प्राप्तकर्ताओं का सम्मान करते हैं।

**उत्तर रेलवे पेंशन अदालत - 2026**

दिनांकः 15 दिसम्बर, 2026

उत्तर रेलवे के अधीन सभी कार्यालयों, जैसे प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली तथा सभी मण्डल कार्यालयों एवं कारखानों में **15 दिसम्बर 2026** को पेंशन प्राप्तकर्ताओं की समस्याओं के निस्तारण हेतु पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा।

**पेंशन अदालत हेतु अभ्यावेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 31.10.2026**

**पेंशन प्राप्तकर्ताओं हेतु निर्देश**

- उत्तर रेलवे के प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली से सेवानिवृत्त पेंशन प्राप्तकर्ता अपना अभ्यावेदन **उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्र0का0)-II** को प्रेषित करें।
- मण्डल कार्यालयों अथवा मंडलों के अधीनस्थ कार्यालयों से सेवानिवृत्त पेंशन प्राप्तकर्ता अपना अभ्यावेदन संबंधित **वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी** को प्रेषित करें।
- कारखानों से सेवानिवृत्त पेंशन प्राप्तकर्ता अपना अभ्यावेदन **संबंधित मण्डल कार्यालय** को प्रेषित करें।

**सभी सेवानिवृत्त पेंशन प्राप्तकर्ता अपना अभ्यावेदन संबंधित उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्र0का0)-II / वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी / कारखाना प्रशासन को भेजें तथा लिफाफे पर स्पष्ट रूप से "पेंशन अदालत-2026" अवश्य अंकित करें।**

**पत्राचार हेतु पते**

**उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्र0का0)-II**
उत्तर रेलवे, प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001

**वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी**
मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली-110055

**वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी**
मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, स्टेशन रोड, फिरोजपुर छावनी-152001

**वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी**
मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, त्रिकुटा नगर, जम्मू - 180004

**वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी**
मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे हज़रतगंज, लखनऊ-226001

**वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी**
मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे रेल विहार, अम्बाला छावनी-133001

**वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी**
मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे (रेलवे स्टेडियम के निकट), मुरादाबाद-244001

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

3113/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# अर्थव्यवस्था पर दबाव डालेगा कच्चे तेल का बढ़ता मूल्य

मध्य-पूर्व में बढ़े तनाव के बीच कच्चे तेल का 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचना भारत के लिए किसी मामूली आर्थिक खबर की तरह नहीं देखा जा सकता। भारत की अर्थव्यवस्था भले ही आज पहले के मुकाबले अधिक मजबूत और सक्षम हो, लेकिन उसकी ऊर्जा जरूरतों की एक बड़ी निर्भरता अब भी आयातित तेल पर है। इसलिए दुनिया के किसी हिस्से में युद्ध या तनाव बढ़ता है और कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर के पार जाती है तो उसकी तपिश भारत के बाजार से लेकर आम आदमी की रसोई तक महसूस की जा सकती है। दिलचस्प यह है कि महंगे तेल की यह चुनौती ऐसे समय आई है जब भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपनी मजबूती का शानदार प्रदर्शन किया है। अप्रैल से जून की तिमाही में भारत की जीडीपी 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। यह आंकड़ा बताता है कि घरेलू मांग, विनिर्माण और सेवाओं के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी तेज गति से आगे बढ़ रही है। कच्चे तेल की कीमत बढ़ने का सबसे पहला और सीधा असर महंगाई पर पड़ता है। पेट्रोल और डीजल केवल कार और मोटरसाइकिल चलाने के लिए जरूरी नहीं हैं। देश में माल ढुलाई से लेकर कृषि, निर्माण और उद्योग तक का बड़ा हिस्सा पेट्रोलियम उत्पादों पर निर्भर है। महंगाई का सबसे ज्यादा दबाव उस मध्यवर्ग पर पड़ता है जिसके पास इससे बचने के सीमित रास्ते हैं। दूसरी बड़ी चिंता रुपये पर दबाव है। भारत कच्चे तेल के लिए डॉलर में भुगतान करता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होने का अर्थ है कि समान मात्रा में तेल खरीदने के लिए भारत को अधिक डॉलर खर्च करने होंगे। इससे डॉलर की मांग बढ़ती है और रुपये पर दबाव आ सकता है। रुपया कमजोर हुआ तो तेल के साथ-साथ कई दूसरे आयात भी महंगे हो सकते हैं। इसका असर उद्योगों की लागत और अंततः उपभोक्ता कीमतों पर दिखाई देगा। तीसरा असर देश के चालू खाते और व्यापार घाटे पर पड़ सकता है। महंगे तेल का मतलब बड़ा आयात बिल है। भारत को जितना ज्यादा पैसा तेल के आयात पर खर्च करना पड़ेगा, उतना ही दबाव उसके बाहरी क्षेत्र पर बढ़ेगा। हालांकि भारत का मजबूत सेवा निर्यात और विदेशी मुद्रा भंडार इस झटके को सहने की क्षमता देते हैं, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि महंगे तेल का कोई असर नहीं होगा। सरकार के सामने सबसे कठिन सवाल घरेलू ईंधन कीमतों को लेकर होगा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होने के बावजूद यदि पेट्रोल-डीजल की कीमतों को स्थिर रखा जाता है तो तेल विपणन कंपनियों पर दबाव बढ़ेगा। यदि कीमतें बढ़ाई जाती हैं तो आम उपभोक्ता पर बोझ बढ़ेगा। सरकार को इन दोनों के बीच ऐसा संतुलन बनाना होगा जिससे न तो कंपनियों की वित्तीय स्थिति बिगड़े और न ही महंगाई को अनावश्यक ईंधन मिले। दुनिया में जब भी भू-राजनीतिक तनाव बढ़ेगा, तेल की कीमतें भारतीय अर्थव्यवस्था की परीक्षा लेंगी। इसका स्थायी समाधान केवल कीमतों को नियंत्रित करना नहीं, बल्कि आयातित तेल पर निर्भरता घटाना है। ऊर्जा के स्रोत जितने विविध होंगे, भारतीय अर्थव्यवस्था उतनी ही सुरक्षित होगी। फिलहाल तस्वीर के दोनों पहलू सामने हैं। एक तरफ 7.8 प्रतिशत की तेज आर्थिक वृद्धि भारत की मजबूती की कहानी कह रही है, दूसरी तरफ 100 डॉलर का कच्चा तेल दुनिया की अस्थिरता की याद दिला रहा है। चुनौती यह है कि तेल की आग विकास की रफ्तार तक न पहुंचे। भारत ने आर्थिक मजबूती हासिल करने में लंबा सफर तय किया है। अब परीक्षा इस बात की है कि वह वैश्विक ऊर्जा झटकों से अपनी इस रफ्तार को कितनी कुशलता से बचा पाता है।



मुद्दा
प्रणय कुमार

# मानवता व विरोध का वैचारिक ईकोसिस्टम

पश्चिमी समाजों में वाम-उदारवादी विचारधारा और कट्टरपंथी-जिहादी राजनीति के बीच बढ़ता वैचारिक सामंजस्य स्वतंत्रता, बहुलता, धर्मनिरपेक्षता और धार्मिक स्वतंत्रता जैसे मूल्यों की व्याख्या को भी प्रभावित करता दिखाई दे रहा है। जिस अमेरिका ने दशकों तक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को अपने लोकतंत्र की आत्मा और असहमति के अधिकार को अपनी सभ्यतागत पहचान बताने का दंभयुक्त दावा किया, उसी अमेरिका में अब किसी विचार, संगठन अथवा व्यक्ति की स्वीकार्यता कई बार इस बात से तय होती दिखाई देती है कि वह उसके प्रचलित वैचारिक आख्यान के अनुकूल है या उसके प्रतिकूल। न्यूयॉर्क में आयोजित 'यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन' इसी बदलते विमर्श का उल्लेखनीय उदाहरण है।

मानवाधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, सतत विकास और परमाणु अप्रसार जैसे मुद्दों पर पश्चिमी जगत लंबे समय से स्वयं को वैश्विक नैतिकता का पहरेदार बताता आया है। जब इन्हीं आदर्शों को वास्तविक आचरण की कसौटी पर परखा जाता है, तो कथित नैतिक श्रेष्ठता के पीछे छिपे उसके दोहरे मापदंड बार-बार उजागर होते हैं। विडंबना यह है कि यह विरोधाभास अब केवल उसकी विदेश नीति अथवा वैश्विक राजनीति तक सीमित नहीं रहा। पश्चिमी समाजों में वाम-उदारवादी विचारधारा और कट्टरपंथी-जिहादी राजनीति के बीच बढ़ता वैचारिक सामंजस्य स्वतंत्रता, बहुलता, धर्मनिरपेक्षता और धार्मिक स्वतंत्रता जैसे मूल्यों की व्याख्या को भी प्रभावित करता दिखाई दे रहा है। जिस अमेरिका ने दशकों तक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को अपने लोकतंत्र की आत्मा और असहमति के अधिकार को अपनी सभ्यतागत पहचान बताने का दंभयुक्त दावा किया, उसी अमेरिका में अब किसी विचार, संगठन अथवा व्यक्ति की स्वीकार्यता कई बार इस बात से तय होती दिखाई देती है कि वह उसके प्रचलित वैचारिक आख्यान के अनुकूल है या उसके प्रतिकूल। न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में पिछले दिनों आयोजित 'यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन' इसी बदलते विमर्श का उल्लेखनीय उदाहरण है।

विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक समुदायों के बीच संवाद, सह-अस्तित्व और सार्वभौमिक एकता का संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का संबोधन हुआ। आयोजन 'अमेरिकन हिंदूज़ फॉर एंगेजमेंट एंड डायलॉग' द्वारा किया गया था और इसे विभिन्न हिंदू-अमेरिकी संगठनों का समर्थन प्राप्त था। अमेरिका के लगभग 39 राज्यों, 853 शहरों तथा 31 देशों से आए लगभग 6,000 प्रतिनिधियों और 250 से अधिक हिंदू-अमेरिकी संगठनों की सहभागिता ने इसकी व्यापकता को रेखांकित किया। इसके बावजूद न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने कार्यक्रम के प्रति सार्वजनिक असहमति जताई और 61 संगठनों ने कार्यक्रम रद्द करने की मांग की। कार्यक्रम अंततः संपन्न हुआ और अपने घोषित उद्देश्य में पूर्णतया सफल रहा, लेकिन इससे एक मूलभूत लोकतांत्रिक प्रश्न उठा, क्या किसी वक्ता को सुने बिना ही उसके विचारों और संगठन को 'बहिष्कारी' अथवा अस्वीकार्य घोषित कर देना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और बहुलतावाद की उस उदार परंपरा के अनुरूप है, जिन्हें पश्चिम लंबे समय से वैश्विक मानक के रूप में प्रस्तुत व प्रचारित करता रहा है? विरोध की इस शृंखला में 'हिंदूज़ फॉर ह्यूमन राइट्स' (एचएफएचआर) भी प्रमुख रूप से सक्रिय था। घोर आश्चर्य है कि जिस संगठन के नाम के साथ 'हिंदूज' जुड़ा है, वह भारत, हिंदुत्व और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े मुद्दों पर आलोचनात्मक अभियानों का संचालन करता रहा है। इस संगठन के वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार इसके सलाहकार सदस्यों में तीस्ता सीतलवाड़, फादर आनंद मैथ्यू, सैयदा हमीद, स्वरा भास्कर, अपूर्वानंद, हर्ष मंदर आदि के नाम सम्मिलित हैं। इससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि संघ-प्रमुख मोहन भागवत के कार्यक्रम के विरुद्ध वह क्यों खड़ी थीं?



विरोध करने वाले 61 संगठनों की सूची में 'इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल' (आईएएमसी), 'जस्टिस फॉर ऑल', 'इंटरफेथ सेंटर ऑफ न्यूयॉर्क' सहित अनेक धार्मिक, नागरिक अधिकार और एक्टिविस्ट संगठन दिखाई देते हैं। आईएएमसी और इसके प्रमुख मुहम्मद जवाद भारत में हिंदुत्व, संघ और मोदी सरकार से जुड़े मुद्दों पर लंबे समय से विरोधी अभियान चलाते रहे हैं। गाजा और इजरायल के प्रश्न पर भी उनका रुख अत्यंत मुखर रहा है। 'जस्टिस फॉर ऑल' के अध्यक्ष अब्दुल मलिक मुजाहिद लंबे समय से अमेरिकी मुस्लिम एक्टिविज्म और अंतर्धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। इसी संदर्भ में न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी की भूमिका भी प्रश्नों के घेरे में आती है। वे भारत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा इजरायल से जुड़े प्रश्नों पर भी मुखर राजनीतिक रुख अपनाते रहे हैं। इसलिए यह पूछना असंगत नहीं होगा कि उनकी निष्ठा लोकतांत्रिक परंपराओं व मान्यताओं में है या मज़हबी रिवाजों, तक़रीरों व यकीनों में? विरोध के इसी क्रम में 26 अगस्त को अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (यूएससीआईआरएफ) के अध्यक्ष आसिफ महमूद द्वारा डॉ. मोहन भागवत की अमेरिका यात्रा के संदर्भ में भारत और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर लगाए गए गंभीर आरोप तथा संघ से जुड़े लोगों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के समर्थन ने इस विमर्श के पीछे सक्रिय टूलकिट की सच्चाई सामने रखी। भारत पर आयोग के पूर्ववर्ती वक्तव्यों और सुनवाइयों में सीएए, एनआरसी, जम्मू-कश्मीर, उमर खालिद और शरजील इमाम जैसे विषयों को धार्मिक स्वतंत्रता के विमर्श से जोड़ा जाता रहा है। इस पूरी शृंखला को केवल अलग-अलग संगठनों की स्वतंत्र प्रतिक्रियाओं के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। न्यूयॉर्क की स्थानीय राजनीति, एक्टिविस्ट संगठनों, भारत-केंद्रित मुस्लिम एवं मानवाधिकार समूहों और धार्मिक-स्वतंत्रता संस्थाओं की भूमिकाओं को एक साथ रखने पर एक ऐसा वैचारिक ईकोसिस्टम दिखाई देता है, जिसमें अलग-अलग मंचों से उठने वाले आरोप और नैरेटिव कई बार एक-दूसरे को पुष्ट करते हैं। एक मंच पर लगाया गया आरोप दूसरे मंच पर संदर्भ बनता है, दूसरा मंच उसे वैधता देता है और अंततः वही आरोप सार्वजनिक विमर्श में स्थापित तथ्य की तरह प्रस्तुत होने लगता है। इन समस्त विरोधों के बीच सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि स्वयं डॉ. मोहन भागवत ने न्यूयॉर्क में क्या कहा? उन्होंने 'अस्तित्व की एकता' को अपनी विश्व-दृष्टि का आधार बताया और स्पष्ट किया कि एकता के लिए एकरूपता आवश्यक नहीं है। उनके अनुसार मनुष्य की श्रेष्ठता दूसरों पर प्रभुत्व में नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विश्व के प्रति अपने दायित्व को समझने में है। न्यूयॉर्क से उनका यह संदेश भारत की उस दीर्घ सभ्यतागत दृष्टि का वैश्विक प्रतिपादन था, जिसमें 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना निहित है। विडंबना यह है कि जिस मंच से एकता, संवाद, सह-अस्तित्व और मानवता का संदेश दिया जाना था, उसी मंच के वक्ता के विचार सुने बिना उसके विरोध में अभियान चलाया गया। किसी व्यक्ति के विचारों से असहमति लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन उसे सुने बिना ही अस्वीकार्य घोषित कर देना बहुलतावाद की मूल भावना पर प्रश्नचिह्न लगाता है। लोकतंत्र की वास्तविक परीक्षा सहमति में नहीं, असहमति को सहने की क्षमता में होती है। पश्चिमी लोकतंत्रों की परिपक्वता की एक कसौटी यह भी होनी चाहिए कि वे अपने समाजों में उभरते वामी-जिहादी गठजोड़ को पहचानें और उसकी विभाजनकारी एवं कट्टरपंथी प्रवृत्तियों पर प्रभावी अंकुश लगाएं, ताकि कलह, वैमनस्य और संघर्ष से पीड़ित विश्व को वास्तविक शांति और सह-अस्तित्व की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग मिल सके।

( लेखक,शिक्षाविद एवं वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मेजबानी
डॉ. मोनिका शर्मा



# भारतीय महिला क्रिकेट टीम का बढ़ता महत्व

भारतीय महिला क्रिकेट टीम को आज दुनिया की सबसे मजबूत टीमों में गिना जाता है। महिलाओं के पेशेवर क्रिकेट खेलने को पुरुषों के समान ही महत्व मिलने लगा है। अब न केवल मैदान में बल्ला घुमाती बेटियों के प्रति लोगों की सोच बदली है, बल्कि महिलाओं का खेल देखने में भी रुचि बढ़ी है। ऐसे में भारत को पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी मिलना क्रिकेट के खेल में महिलाओं के बढ़ते दखल और महिला क्रिकेट के बढ़ते महत्व से जुड़ा सुखद समाचार है। पहली बार होने जा रहे महिला चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट का आयोजन 14 से 28 फरवरी तक होगा। गौरतलब है कि आईसीसी महिला चैंपियंस ट्रॉफी-2027 से पहले महिला आईसीसी के महिला क्रिकेट से जुड़े दो ही आयोजन होते रहे हैं। ऐसे में वनडे विश्व कप और टी20 विश्व कप के साथ अब महिला चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होना, महिला क्रिकेट से ही नहीं खेल-जगत से जुड़ा एक महत्वपूर्ण कदम भी है। दरअसल, कुछ साल पहले बीसीसीआई से अनुबंधित महिला क्रिकेट खिलाड़ियों को पुरुषों के बराबर मैच फीस मिलने के निर्णय के बाद से इस मोर्चे पर बड़ा बदलाव देखा गया। साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा वर्ल्ड कप में पुरुषों और महिलाओं को समान पुरस्कार राशि दिए जाने का निर्णय भी अहम भी रहा। असल में पुरुष क्रिकेट भारत सहित दुनिया के बहुत से देशों में दशकों से एक लोकप्रिय खेल बना हुआ है। पुरुषों के मुकाबले इस खेल में महिलाओं की भागीदारी की ओर ध्यान जरा कम रहा है। गौरतलब है कि दुनिया का पहला महिला क्रिकेट विश्व कप 1973 में इंग्लैंड में आयोजित किया गया था। वहीं पुरुषों के पहले क्रिकेट विश्व कप का आयोजन 1975 में हुआ। महिला क्रिकेट विश्व कप का आयोजन दो वर्ष पहले होने एक बावजूद इस खेल में पुरुषों के मुक़ाबले कम ही चर्चा मिली। लोगों का रुझान भी बहुत धीमी गति से बढ़ा। आगे चलकर इंटरनेशनल महिला क्रिकेट परिषद का विलय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद में हुआ। इससे महिला क्रिकेट को पुरुषों के समान संसाधन, मीडिया कवरेज और वैश्विक मंच मिलना शुरू हुआ। भारत में 2006 में भारतीय महिला क्रिकेट संघ का विलय भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड में होने के बाद से महिला क्रिकेटरों को बेहतर सुविधाएं और अच्छे अनुबंध मिलने शुरू हुए। उस समय यह अनुमान लगाना भी मुश्किल था कि बीसीसीआई के भावी निर्णय और महिला खिलाड़ियों की लगन इस खेल को इतनी ऊंचाई पर ले जाएंगे। हालिया वर्षों में शुरू हुए टी20 और आईपीएल आयोजनों के बाद से महिला क्रिकेट खिलाड़ियों की बहुत प्रभावी पहचान बन गई है। कुछ समय पहले आई आईसीसी की महिला वनडे रैंकिंग के अनुसार स्मृति मंधाना दुनिया की नंबर-1 बल्लेबाज हैं। इन दिनों दुबई में चल रहे महिला एशिया कप-2026 में भी हमारी टीम शानदार प्रदर्शन कर रही है। ध्यातव्य है कि भारत में 2017 में आईसीसी महिला विश्व कप के फाइनल में भारतीय टीम के पहुंचने के बाद से ही महिला क्रिकेट को गंभीरता से लिया जाने लगा। अपने बेहतरीन प्रदर्शन को कायम रखते हुए हमारी महिला टीम 2020 में टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में भी पहुंची थी। साथ ही 2022 में बर्मिंघम में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में भी टीम ने रजत पदक हासिल किया था। आईसीसी महिला एक दिवसीय विश्व कप-2025 का खिताब भी हमारी महिला क्रिकेट टीम ने जीता था। इतना ही नहीं, अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में भी भारतीय टीम ने भी वैश्विक स्तर पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। आईपीएल के साथ ही महिला क्रिकेटर अपने खेल का दमखम घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मैदानों पर जमकर दिखा रही हैं। ऐसी उपलब्धियों के चलते ही कभी पुरुषों का खेल माने जाने वाले क्रिकेट में अब महिला खिलाड़ियों के प्रदर्शन की खूब चर्चा होने लगी है। देखने में भी आ रहा है कि अब भारत में अधिक संख्या में महिलाएं क्रिकेट खेल रही हैं। घर-परिवार में भी बेटियों के इस खेल से जुड़ने के मोर्चे पर सहजता आई है। हर पहलू पर हो रहे सकारात्मक बदलाव का ही परिणाम है कि दर्शक भी बड़े पैमाने पर महिला मुकाबलों में रुचि लेने लगे हैं। 2025 में घरेलू मैदान पर अपना पहला महिला विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम हर आयोजन में अपनी बेहतरीन क्षमता का परिचय दे रही है। स्पष्ट है कि महिला चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट की मेजबानी से महिला क्रिकेट को लेकर आमजन का रुझान और रोमांच और बढ़ेगा। भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका और श्रीलंका की टीमों की हिस्सेदारी वाले इस आयोजन से देश ही नहीं, दुनियाभर में महिला खिलाड़ियों के मान-मनोबल की चर्चा होगी। बेटियों को क्रिकेट के खेल से जुड़ने की प्रेरणा मिलेगी।

( लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हृदय का करें अनुसरण



संकलित
**दर्शन**

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि। एक अनपढ़ मनुष्य को कोई ज्ञान नहीं होता, पर वह थोड़ा बहुत भावना प्रधान होता है।

# अपनी गठरी टटोलें



संकलित
**प्रेरणा**

दो आदमी यात्रा पर निकले! दोनों की मुलाकात हुई, दोनों का गंतव्य एक था तो दोनों यात्रा में साथ हो चले। सात दिन बाद दोनों के अलग होने का समय आया तो एक ने कहा- भाई साहब! एक सप्ताह तक हम दोनों साथ रहे क्या आपने मुझे पहचाना? दूसरे ने कहा- नहीं, मैंने तो नहीं पहचाना। पहला यात्री बोला- महोदय मैं एक नामी ठग हूँ परन्तु आप तो महाठग हैं। आप मेरे भी गुरू निकले। दूसरा यात्री बोला- कैसे? पहला यात्री- कुछ पाने की आशा में मैंने निरंतर सात दिन तक आपकी तलाशी ली, मुझे कुछ भी नहीं मिला। इतने दिन साथ रहने के बाद मुझे यह पता है आप बहुत धनी व्यक्ति हैं और इतनी बड़ी यात्रा पर निकले हैं तो ऐसा कैसे हो सकता है कि आपके पास कुछ भी नहीं है? बिल्कुल खाली हाथ हैं! दूसरा यात्री- मेरे पास एक बहुमूल्य हीरा है और थोड़ी-सी रजत मुद्राएं भी है। पहला यात्री बोला- तो फिर इतने प्रयत्न के बावजूद वह मुझे मिले क्यों नहीं? दूसरा यात्री- मैं जब भी बाहर जाता, वह हीरा और मुद्राएं तुम्हारी पोटली में रख देता था और तुम सात दिन तक मेरी झोली टटोलते रहे। अपनी पोटली संभालने की जरूरत ही नहीं समझी। तो फिर तुम्हें कुछ मिलता कहां से! ईश्वर नित नई खुशियां हमारी झोली में डालते हैं परन्तु हमें अपनी गठरी पर निगाह डालने की फुर्सत ही नहीं है, यही सबकी मूलभूत समस्या है। जिस दिन से इंसान दूसरे की ताकझाख बंद कर देगा उस क्षण सारी समस्या का समाधान हो जाएगा। अपनी गठरी टटोलें! जीवन में सबसे बड़ा गूढ मंत्र है स्वयं को टटोले और जीवन-पथ पर आगे बढ़े सफलताएं आप की प्रतीक्षा में है।

## अंतर्मन

मनु की लीला




## आज की पाती

### जहरीली शराब से मौतें, जिम्मेदार कौन?

बहुत ही निंदनीय है कि मध्य प्रदेश में लापरवाही कुछ लोगों की जान पर भारी पड़ गई। यह लापरवाही सरकार, प्रशासन और खुद नशा करने वाले लोगों की मानी जा सकती है। यहां जहरीली शराब बहुत से लोगों की जान की दुश्मन बन गई। हमारे देश में नशा बहुत से लोगों की जान पर भारी पड़ता आ रहा है, लेकिन सरकारें और प्रशासन इस पर कोई खास गंभीर नहीं दिखते, तभी तो देश में जहरीली शराब पीने से होने वाली मौतों का आंकड़ा भी चिंताजनक स्थिति में है। एक तरफ सरकारें नशे पर नकेल कसने के दावे करती हैं, लेकिन वहीं दूसरी तरफ जहरीली शराब का दानव समय-समय पर सिर उठाकर सैकड़ों लोगों को मौत की नींद जब सुलाता है तो इन सभी खोखले दावों की हकीकत को बयां कर देता है।- *रोहताश शर्मा, रोहतक*

## ट्रेंड

### मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 3 मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स को मंज़ूरी दी है। इन प्रोजेक्ट्स से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 656 किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। इनकी अनुमानित लागत 10,783 करोड़ है।
**- नितिन गडकरी,** केंद्रीय राजमार्ग मंत्री

### समान भागीदार



महिलाएं अब केवल शिक्षा और रोज़गार के अवसरों तक ही सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि अपनी आबादी के अनुपात में हर क्षेत्र में समान भागीदार बनेंगी। इसके लिए डबल-इंजन सरकार अपने सभी कार्यक्रमों को लगातार आगे बढ़ा रही है।
**- योगी आदित्यनाथ,** सीएम, यूपी

### कानून-व्यवस्था नहीं



मणिपुर के जाने-माने संगीतकार चोंगथम विक्रम सिंह जी की भीड़ द्वारा बेरहमी से की गई हत्या, बीजेपी के शासन में पूरी तरह से कानून-व्यवस्था के न होने की एक और डरावनी याद दिलाती है। छात्र सुरक्षित नहीं हैं। महिलाओं को हर दिन अत्याचार का सामना करना पड़ता है।
**- मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

### बाहर जाने की मनाही



जो लोग कहते हैं कि मैं भारत आने से इनकार करने वाला भगोड़ा हूँ, उन्हें बता दूँ कि मैं 1992 से यूनाइटेड किंगडम का स्थायी निवासी हूँ और अभी कानूनी तौर पर मुझे इस देश से बाहर जाने की मनाही है।
**- विजय माल्या,** पूर्व राज्यसभा सदस्य

## करंट अफेयर

# ब्रिटेन ने साइबर हमले की आशंका से किया इनकार



ब्रिटेन की राष्ट्रीय हवाई यातायात सेवा (एनएटीएस) ने बुधवार को इस बात से इनकार किया कि देश के हवाईअड्डों पर बड़े पैमाने पर हुए व्यवधान का कारण साइबर हमला था। इस व्यवधान से भारत आने-जाने वाली कई उड़ानें भी प्रभावित हुईं। मंगलवार को हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में आई तकनीकी समस्या के कारण हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ और करीब 2,000 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। इसके दुष्प्रभाव दूसरे दिन भी जारी रहे। इस व्यवधान के कारण हजारों यात्रियों को दिक्कत हुई। ब्रिटेन के सबसे व्यस्त हीथ्रो हवाई अड्डे के अलावा गैटविक, स्टैनस्टेड, ल्यूटन और मैनचेस्टर हवाई अड्डों पर भी बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द हुईं और देरी हुई। एनएटीएस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मार्टिन रॉल्फ ने बीबीसी से कहा, 'हम बहुत गहन जांच करेंगे। फिलहाल, हमने साइबर हमले की आशंका को खारिज किया है।' उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि हमने इससे पहले कभी ऐसी घटना देखी है जो एक से अधिक बार हुई हो। यह ऐसी घटना होगी, जिसे हमने 50 से अधिक वर्षों के संचालन में नहीं देखा है। मैं कहूंगा कि सुरक्षा और आपदा से निपटने की क्षमता, दोनों के लिहाज से ब्रिटेन की दुनिया में सबसे अच्छी साख है।'

## ऑफ बीट

# स्वीडन में पूंजीपतियों को लेकर नजरिया बदल रहा



फर्नीचर कंपनी आईकिया के संस्थापक इंग्वार कम्पराड के मामले में स्वीडन के लोगों को यह बात खास तौर पर पसंद थी कि वह पुरानी कार चलाते थे (स्वाभाविक रूप से वोल्वो)। वह अपने स्टोर में काम करने वाले कर्मचारियों के बीच जाकर उनसे बातचीत करते थे और हर साल खुद उन्हें क्रिसमस के तोहफे देते थे। उनका यह साधारण दिखने का अंदाज (जिसे कुछ लोग सोची-समझी रणनीति भी कह सकते हैं) लोगों का ध्यान इस बात से हटा देता था कि कम्पराड दुनिया के सबसे अमीर लोगों में से एक थे और स्वीडन के ऊंचे करों से बचने के लिए स्विट्जरलैंड चले गए थे। लेकिन अब तस्वीर बदल रही है। 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' ने स्वीडन में आए हैरान करने वाले पूंजीवादी कायापलट पर लिखा है और 'फाइनेंशियल टाइम्स' ने इस धारणा पर खबर की है कि यह देश अब अरबपतियों से भरा गया है। बीबीसी ने 2024 में 'सुपर-रिच स्वेड्स' नाम से एक वृत्तचित्र पॉडकास्ट भी प्रसारित किया। और इस दिलचस्पी के पीछे ठोस वजहें हैं। लंबे समय तक स्वीडन दुनिया में सबसे अधिक कर लगाने वाले देशों में शामिल रहा, लेकिन पूंजी और संपत्ति पर कर लगाने के मामले में अब स्थिति अलग है। मसलन, देश में अब संपत्ति कर, विरासत कर या अचल संपत्ति कर नहीं है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# विमेंस एशिया कप सेमीफाइनल : आज बांग्लादेश से भिड़ेंगी टीम इंडिया, रिकॉर्ड 8वीं बार खिताब जीतने पर निगाहें

एजेंसी ▶▶| दुबई

सात बार की चैंपियन भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ गुरुवार को महिला एशिया कप के पहले सेमीफाइनल में उतरेगी तो कड़ी मैदानी प्रतिद्वंद्विता और दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव की पृष्ठभूमि में होने वाले इस मुकाबले में हरमनप्रीत कौर की टीम का पलड़ा भारी रहेगा।

जहां तक क्रिकेट का सवाल है तो भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में रही है और सारे मैच जीतकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय बल्लेबाजी काफी मजबूत रही है और स्मृति मंधाना ने हांगकांग के खिलाफ 64 गेंद में 124 रन बनाकर फिर साबित कर दिया कि उन्हें आधुनिक दौर के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में क्यों गिना जाता है।



### गेंदबाजी में भारत के पास विविधता

गेंदबाजी में भारत के पास विविधता और गहराई है। दीप्ति शर्मा महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। उन्होंने राधा यादव और श्रीचरणी के साथ मिलकर हर मैच में स्पिन का जाल बखूबी बुना है। तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर ने नई गेंद बखूबी संभालकर टीम को शुरुआती सफलताएं दिलाई है।



### बांग्लादेशी बल्लेबाजों की कमजोरी उजागर

दूसरी ओर बांग्लादेश ने यूएई को 34 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। निगार सुल्ताना की टीम की बल्लेबाजी की कमजोरी उजागर हो गई थी जब उसके 6 विकेट 55 रन पर गिर गए थे। इसके बाद शरमीन अख्तर और निगार ने पारी को संभाला। बांग्लादेश के बल्लेबाजों को भारतीय स्पिन और तेज आक्रमण के सामने अच्छा प्रदर्शन करना होगा। गेंदबाजी में राबिया खान, नाहिदा अख्तर और मारुफा अख्तर के लिए भी भारतीय बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने की कठिन चुनौती होगी।

### टी20 प्रारूप अप्रत्याशित

इतिहास और मौजूदा फॉर्म भले ही भारत के पक्ष में हो लेकिन टी20 प्रारुप अप्रत्याशित है और विरोधी को कतई हलके में नहीं लिया जा सकता। भारत ने अब तक सात बार यह टूर्नामेंट जीता है जबकि श्रीलंका और बांग्लादेश एक एक बार जीत चुके हैं। श्रीलंका मौजूदा चैंपियन है और बांग्लादेश ने 2018 में खिताब जीता था।

**मैच का समय : रात 8 बजे से।**

## दलीप ट्रॉफी फाइनल : पूर्वी क्षेत्र को 584 रन की बढ़त

# खिताब की ओर ईस्ट जोन, ईशान ने दिखाया दम

### दूसरी पारी में 212/5 का स्कोर खड़ा किया

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

ईस्ट जोन ने साउथ जोन के खिलाफ एमए चिदंबरम स्टेडियम में जारी दलीप ट्रॉफी फाइनल के चौथे दिन तक मैच में शानदार पकड़ बना ली है। पहली पारी में 708 रन बनाकर साउथ जोन को 336 रनों पर समेटने के बाद ईस्ट जोन ने बुधवार के खेल तक अपनी दूसरी पारी में 212/5 का स्कोर खड़ा कर लिया है। यहां से टीम के पास 584 रन की बढ़त है।

इसी के साथ ईस्ट जोन ने 2011/12 और 2012/13 सीजन में लगातार जीत के बाद अपना खिताब लगभग पक्का कर लिया है। ईस्ट जोन के कप्तान इशान किशन ने दूसरी पारी में भी शानदार बैटिंग की और अर्धशतक लगाया।

### साउथ जोन पहली पारी 336 रनों पर सिमटी

इसके जवाब में, साउथ जोन पहली पारी में 336 रनों पर सिमट गई। इस टीम के लिए देवदत्त पड्डिकल ने 62 रन बनाए, जबकि कप्तान तिलक वर्मा ने 9 चौकों के साथ 99 रन की पारी खेली। इनके अलावा, चामा मिलिंद ने 43 रन और नारायण जगदीशन ने 32 रन अपने नाम किए। विपक्षी खेमे से मुकेश कुमार ने सर्वाधिक 3 विकेट हासिल किए, जबकि मोहम्मद शमी, कौनैन कुरैशी और शिखर मोहन ने 2-2 विकेट चटकाए।



### किशन ने एक बार फिर संभाला मोर्चा

ईस्ट जोन को पहली पारी के आधार पर 372 रनों की विशाल बढ़त मिली, लेकिन विपक्षी टीम को फॉलोऑन ना देते हुए खुद दूसरी पारी में बल्लेबाजी का फैसला किया। ईस्ट जोन ने अपनी दूसरी पारी में 13 रन तक दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद कप्तान ईशान किशन ने एक बार फिर मोर्चा संभाला। उन्होंने शिखर मोहन (52) के साथ तीसरे विकेट के लिए 126 रन जोड़े। ईशान 98 गेंदों में 3 छक्कों और 9 चौकों के साथ 80 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद टीम ने 160 के स्कोर तक अपना पांचवां विकेट भी गंवा दिया। चौथे दिन की समाप्ति तक कुमार कुशाग्र 34 रन और कौनैन कुरैशी 26 रन बनाकर नाबाद हैं। विपक्षी खेमे से मोहम्मद सिराज, त्रिपुरण विजय, एमडी निधीश और शेख रशीद ने 1-1 विकेट चटकाया है। पांचवें दिन अगर यह मुकाबला ड्रॉ भी रहता है, तो पहली पारी में ज्यादा रन बनाने की वजह से ईस्ट जोन खिताब को अपने नाम कर लेगा।

### वैभव नहीं छू पाए दहाई का आंकड़ा

वैभव दूसरी पारी में दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए और वो 16 गेंदों का सामना करते हुए एक चौके की मदद से 8 रन बनाकर आउट हो गए। इस पारी में उनका स्ट्राइक रेट 50.00 का रहा। वैभव को दूसरी पारी में त्रिपुरण विजय ने अपनी गेंद पर विकेट के पीछे एन जगदीशन के हाथों स्टंप आउट करवा दिया। इससे पहले वैभव इस मैच की पहली पारी में 37 गेंदों पर एक छक्का और 5 चौकों की मदद से 44 रन बनाकर आउट हुए थे।

### 99 रन पर तिलक आउट

साउथ जोन की टीम के लिए मैच में इकलौती उम्मीद कप्तान तिलक वर्मा ही थे। जहां सभी बल्लेबाज लगातार फेल होकर पवेलियन लौट रहे थे वहीं तिलक ने एक छोर संभालते हुए अपनी टीम को मैच में बनाए रखने की कोशिश की। एक समय टीम के 9 विकेट गिरे हुए थे और तिलक अपने शतक से सिर्फ 1 रन दूर थे। तभी 99 रन के स्कोर पर उन्होंने मोहम्मद कुनैन कुरैशी को उन्हीं की गेंदबाजी पर एक आसान कैच थमा दिया।

## यूएस ओपन



# शेल्टन ने किया उलटफेर, मैराथन मुकाबले में अल्काराज को हराया

## सबालेंका और पेगुला पहुंचीं सेमीफाइनल में

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

बेन शेल्टन ने पांच सेट तक चले मैराथन मुकाबले में मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज को हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई जबकि महिला वर्ग में एरिना सबालेंका और जेसिका पेगुला अंतिम चार में पहुंचने में सफल रही। शेल्टन ने अल्काराज़ को चार घंटे 28 मिनट तक चले मैच में 6-7 (5), 6-1, 6-3, 1-6, 7-6 (10-7) से हराया। इस तरह से अल्काराज़ का ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताओं में पिछले 18 मैच से चला आ रहा विजय अभियान भी थम गया।

### करियर का सर्वश्रेष्ठ मैच : शेल्टन

शेल्टन ने बाद में कहा, 'मैं थक गया हूं। यह किसी जंग से कम नहीं था। कार्लोस हमारे खेल के महानतम खिलाड़ियों में से एक हैं। यह मेरे करियर का सर्वश्रेष्ठ मैच था। इसमें कोई शक नहीं।'

### करीबी मुकाबला था : अल्काराज

दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज ने कहा, 'यह करीबी मुकाबला था। वास्तव में यह बेहद करीबी मैच था। इसलिए मुझे निराशा है कि मैं आखिर में जीत दर्ज नहीं कर पाया। लेकिन मैंने आखिर तक मुकाबला किया और मुझे खुद पर गर्व है।'





### सबालेंका ने नोस्कोवा को दी मात

सबालेंका को जब लग रहा था कि अमेरिकी ओपन में लगातार तीसरा खिताब और महिला वर्ग में नंबर एक रैंकिंग बनाए रखने का उनका सपना टूट रहा है तब उन्होंने साबित किया कि वह आखिर तक हार मानने वाली नहीं हैं। सबालेंका ने रोमांचक मुकाबले में विंबलडन चैंपियन लिंडा नोस्कोवा को 7-6 (1), 3-6, 7-6 (10-7) से हराकर अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना जेसिका पेगुला से होगा।

### जेसिका ने नवारो को हराया

जेसिका ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 26वीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को 3-6, 6-4, 6-3 से हराया। सबालेंका ने 2024 के फाइनल और पिछले साल सेमीफाइनल में पेगुला को हराया था।

## खबर संक्षेप



### नायरा ने किया निशानेबाजी चैंपियनशिप क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** 10 वर्ष और 3 महीने की नायरा शर्मा राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने वाली सबसे युवा भारतीय बन गई। दिल्ली की नायरा ने हाल ही में भोपाल में अखिल भारतीय अंतर स्कूल निशानेबाजी चैंपियनशिप में दस मीटर एयर राइफल में 400 में से 363 अंक हासिल किए। वह दिल्ली की टॉपगन निशानेबाजी अकादमी में ट्रेनिंग करती है।

### जूनियर अमेरिकी ओपन में भारत की चुनौती समाप्त



**न्यूयॉर्क।** माया राजेश्वरन रेवती के दूसरे दौर में अरिना मालिजिना से तीन सेट में मिली हार के साथ जूनियर अमेरिकी ओपन में भारतीय चुनौती लगभग समाप्त हो गई। 15वीं वरीयता प्राप्त माया को रूस की प्रतिद्वंद्वी से दो घंटे 16 मिनट में 3-6, 7-5, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। माया जूनियर ग्रैंडस्लैम में लगातार दो जीत दर्ज नहीं कर पाईं हैं, वह फ्रेंच ओपन में भी दूसरे दौर में बाहर हो गई थीं। वहीं ऑस्ट्रेलियाई ओपन और विम्बलडन में उनका सफर पहले दौर में ही समाप्त हो गया था। लड़कों के युगल वर्ग के पहले दौर में अर्णव पापारकर और थाईलैंड के उनके जोड़ीदार कुनानान पंतारातोर्ण को महज 58 मिनट में कजाखस्तान के दामिर झालगास्बे और अमेरिका के साफिर आजम से 4-6, 2-6 से हार मिली।

## चैंपियंस लीग : एमबाप्पे और हालैंड के दम पर मैड्रिड और सिटी की शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

किलियन एमबाप्पे और एर्लिंग हालैंड ने गोल दागे, जिससे रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में जीत के साथ नए सत्र की शुरुआत की। एमबाप्पे ने रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन मैड्रिड को सैंटियागो बर्नबेउ में इंटर मिलान पर 2-1 की जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। दूसरी तरफ हालैंड के दो गोल की मदद से 2023 के चैंपियन सिटी ने पोर्टो को 2-0 से हराया।

मैड्रिड और सिटी को पिछली दो बार के चैंपियन पेरिस सेंट जर्मन (पीएसजी) के साथ इस बार खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इन दोनों टीम के प्रमुख स्ट्राइकर ने पहले मैच में ही अपना जलवा दिखाया।



### एमबाप्पे ने किया 71वां गोल

एमबाप्पे ने यूरोपीय क्लब फुटबॉल की शीर्ष महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपना 71वां गोल किया जबकि हालैंड के नाम पर चैंपियंस लीग में 59 मैचों में 59 गोल दर्ज हो गए हैं। बोरुसिया डॉर्टमुंड ने विलारियाल को 3-2 से हराया। रियाल बेटिस ने लिली को और एस्टन विला ने क्लब ब्रुग को इसी अंतर से पराजित किया। पीएसजी बुधवार को स्लोवन ब्रातिस्लावा के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

## ग्रीको रोमन पहलवान दीपक डोपिंग के दोषी, डब्ल्यूएफआई ने एशियाई खेलों से नाम वापस लिया

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय कुश्ती के लिए एक और शर्मिंदगी की स्थिति पैदा हो गई जब एशियाई खेलों के लिए चुने गए ग्रीको रोमन पहलवान दीपक डोप परीक्षण में प्रतिबंधित पदार्थ क्लोमीफीन के सेवन के दोषी पाए गए हैं जिसके बाद भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने उन्हें टीम से वापस लेने का फैसला किया। इससे महाद्वीपीय खेलों में भारत की कुश्ती चुनौती और कमजोर हो गई है। भारत पहले ही डोपिंग मामलों के कारण एशियाई खेलों की कुश्ती टीम में दो स्थान गंवा चुका है। पुरुष फ्रीस्टाइल 86 किग्रा वर्ग के मुकुल दहिया और ग्रीको रोमन 130 किग्रा वर्ग के दीपांशु के खिलाफ डोपिंग मामले सामने आए थे। दीपक भारतीय डाक सेवा से एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने वाले पहले पहलवान थे। दिल्ली के 25 वर्षीय पहलवान ने 31 मई को लखनऊ में हुए चयन ट्रायल में अप्रत्याशित जीत दर्ज कर टीम में जगह बनाई थी। इससे पहले उन्होंने फेडरेशन कप में पदक जीतकर प्रभावित किया था। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार चयन ट्रायल के दौरान लिए गए दीपक के मूत्र के नमूने में क्लोमीफीन की मौजूदगी पाई गई। क्लोमीफीन 2026 की विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की प्रतिबंधित सूची में एस4 (हार्मोन और मेटाबोलिक मॉड्यूलेटर्स) श्रेणी में प्रतिबंधित पदार्थ है। नाडा ने बताया कि नमूने में 23 जुलाई को असामान्य निष्कर्ष सामने आया।

## जूनियर एशिया कप हॉकी : सेमीफाइनल में टीम इंडिया, कप्तान अनमोल ने दागे 6 गोल

# भारत ने चीनी ताइपे को 15-0 से दी करारी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| मोकी

कप्तान अनमोल इक्का ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 6 गोल किए, जिससे मौजूदा चैंपियन भारत ने चीनी ताइपे को 15-0 से करारी शिकस्त देकर जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह पक्की की। अनमोल ने पेनाल्टी कार्नर को गोल में बदलने के अपने कौशल का शानदार नमूना पेश किया।

भारतीय टीम पहले क्वार्टर में गोल नहीं कर पाई थी लेकिन इसके बाद उसने शानदार खेल दिखाया और दनादन गोल दागे। पांच बार की चैंपियन भारतीय टीम ने तीन जीत और एक ड्रॉ के साथ पूल ए में 10 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। दक्षिण कोरिया ने जापान को 3-2 से हराकर नौ अंक के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। जापान, इंडोनेशिया और चीनी ताइपे खिताब की दौड़ से बाहर हो गए हैं और अब वे वर्गीकरण मैचों में खेलेंगे।



### भारत ने बनाया पहले क्वार्टर में गेंद पर कब्जा

भारत ने पहले क्वार्टर में गेंद पर कब्जा बनाए रखा लेकिन वह ताइपे की रक्षापंक्ति को भेदने में नाकाम रहे। भारत ने दूसरे क्वार्टर में पांच मिनट के अंदर तीन गोल किए। आर्यन जेस ने 17वें मिनट में भारत का खाता खोला, जिसके एक मिनट बाद ही प्रभदीप सिंह ने बढ़त को दोगुना कर दिया। फिर गुरसेवक सिंह ने 22वें मिनट में तीसरा गोल दागकर स्कोर 3-0 कर दिया। अनमोल ने 25वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपना पहला गोल किया। अर्जुन संतोष हरगुडे ने 28वें मिनट में गोल दागा, जबकि अगले ही मिनट अनमोल ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला।

### भारत ने हाफ टाइम तक बनाई 6-0 की बढ़त

इस तरह से भारत ने हाफ टाइम तक 6-0 की बढ़त बना ली थी। भारत ने इसके बाद भी आक्रामक रवैया अपनाया तथा तीसरे क्वार्टर के शुरुआती तीन मिनट के भीतर दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। अनमोल ने इन दोनों को गोल में बदलने में किसी तरह की गलती नहीं की। अजीत यादव ने भी 35वें मिनट में गोल करके स्कोरशीट पर अपना नाम दर्ज कराया, जबकि अनमोल ने गोल करने का अपना सिलसिला जारी रखा। उन्होंने 45वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर मैच का अपना पांचवां गोल किया और तीसरे क्वार्टर के अंत तक भारत को 10-0 से आगे कर दिया।

# विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज शीतलदेवी ने जीता गोल्ड

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

मौजूदा पैरालम्पिक चैंपियन हरविंदर सिंह और दुनिया की नंबर एक तीरंदाज शीतल देवी की अगुवाई में भारत ने विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज के तीसरे चरण का अंत आखिरी दिन बुधवार को दो स्वर्ण और चार कांस्य पदक के साथ किया।

मौजूदा विश्व चैंपियन शीतल ने पैरा कंपाउंड महिला व्यक्तिगत वर्ग में स्वर्ण जीता जबकि पैरालम्पिक में दो पदक जीत चुके हरविंदर ने भावना के साथ पैरा रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में पीला तमगा हासिल किया। रिकर्व मिश्रित टीम फाइनल में हरविंदर और भावना ने चीन के लियांग कियूरोंग और शिया लेइ को 6-0 से हराया। भावना ने रिकर्व



महिला प्लेआफ में राजश्री राठौड़ को 6-0 से हराकर कांस्य पदक जीता। शीतल ने महिला कंपाउंड व्यक्तिगत फाइनल में कजाखस्तान की ऐजादा सेडान को शूटआफ में मात दी। शीतल ने इससे पहले तोमन कुमार के साथ कंपाउंड मिश्रित टीम में भी कांस्य पदक जीता था। उन्होंने ईराक की सारा अल हामिद और अब्बास कादिम को 157-145 से हराया।




## खबर संक्षेप

### तेहरान ने 2 अमेरिकी पोत और 8 तेल टैंकरों पर किया हमला



**तेहरान।** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसकी नौसेना ने फारस की खाड़ी में दो अमेरिकी पोतों और आठ तेल टैंकरों पर हमला किया है। ईरान ने इसे अमेरिकी हमले के जवाब में की गई कार्रवाई बताया है। आईआरजीसी के आधिकारिक बयान के अनुसार, उसकी नौसेना ने मंगलवार रात फारस की खाड़ी में पांच ईरानी तेल टैंकरों पर अमेरिकी हमले के जवाब में इन पोतों को निशाना बनाया और उन्हें भारी नुकसान पहुंचाया। उसकी नौसेना ने ऐसे 10 जहाजों को भी निशाना बनाया, जो अमेरिकी सेना के समर्थन और उकसावे के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य में एक प्रतिबंधित और असुरक्षित क्षेत्र को पार करने की कोशिश कर रहे थे।

### बेंगलुरू में सुनीता विलियम्स ने साझा किए विचार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु में आयोजित एक खास स्पेस एक्सपो में भारतीय मूल की नासा अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने अंतरिक्ष में अपने अनुभवों और भविष्य की अंतरिक्ष यात्रा को लेकर कई अहम बातें शेयर कीं। उन्होंने बताया कि धरती पर बेहद सामान्य लगने वाली कुछ सुविधाएं अंतरिक्ष में कितनी बड़ी चुनौती बन जाती हैं। साथ ही उन्होंने भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को लेकर भी भरोसा जताया।

# छठवीं के छात्रों को त्रि-भाषा नीति से छूट देने पर विचार करे सीबीएसई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सीबीएसई से कहा कि वह इस अकादमिक सत्र के लिए छठी कक्षा के छात्रों को अपनी त्रि-भाषा नीति से छूट देने पर विचार करे। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने सीबीएसई की त्रि-भाषा नीति को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई 17 सितंबर तक टालते हुए बोर्ड से कहा कि वह मौजूदा अकादमिक सत्र में छठी कक्षा के छात्रों को शामिल करने की संभावना पर विचार करे। पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना भी शामिल हैं।

कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, इस साल छठी कक्षा पर विचार करें।

यदि उन्हें कुछ छूट दी जा सकती है। मेहता ने अदालत से सुनवाई टालने का अनुरोध किया क्योंकि अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल ऐश्वर्या भाटी उपलब्ध नहीं थीं। फिर भी, उन्होंने भरोसा दिलाया कि संबंधित अधिकारी पीठ के सुझाव पर विचार करेंगे। शीर्ष विधि अधिकारी ने कहा, हम सब मिलकर बैठेंगे और फिर आपको सूचित करेंगे।

# 'बिल्डिंग फॉर रेजिलिएंस, इनोवेशन, कोऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी' की थीम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*13 सितंबर को सुबह 10:50 बजे सम्मेलन का महत्वपूर्ण ओपन सेशन शुरू होगा। इस सत्र में ब्रिक्स देशों के साथ साझेदार और आमंत्रित देशों के नेता वैश्विक विकास, आर्थिक सहयोग और भविष्य की चुनौतियों पर विचार साझा करेंगे*

भारत 12 और 13 सितंबर को 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी नई दिल्ली के भारत मंडपम में करेगा। भारत की अध्यक्षता में हो रही बैठक का आधिकारिक थीम 'बिल्डिंग फॉर रेजिलिएंस, इनोवेशन, कोऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी' रखा गया है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को इन दो दिनों में होने वाली बैठकों और आयोजनों का शेड्यूल साझा किया है। दो दिवसीय सम्मेलन में ब्रिक्स सदस्य देशों के नेताओं के साथ-साथ साझेदार देशों और आमंत्रित देशों के शीर्ष नेता भी हिस्सा लेंगे। भारत की अध्यक्षता के दौरान 25 से अधिक शहरों में 350 से ज्यादा बैठकें और उच्चस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। शनिवार को ब्रिक्स सदस्य देशों के नेता भारत मंडपम में पहुंचेंगे।

### भारत में 25 से अधिक शहरों में 350 से ज्यादा बैठकें हो चुकीं

ब्रिक्स सम्मेलन-2026



भारत मंडपम का मुख्य द्वार

### पीएम मोदी नेताओं के सम्मान में देंगे डिनर

इसके बाद दोपहर लगभग 2:35 बजे 'इंक्लूसिव ग्लोबल गवर्नेंस एंड स्ट्रेंथनिंग मल्टीलेटरलिज्म' (समावेशी वैश्विक शासन और बहुपक्षवाद को मजबूत करना) विषय पर बंद सत्र आयोजित किया जाएगा। शाम 4:25 बजे ब्रिक्स नेताओं को 'भारत इनोवेट्स एग्जीबिशन' का अवलोकन कराया जाएगा। इसके बाद शाम 5:05 बजे नेताओं का फैमिली फोटो और 5:10 बजे संयुक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम होगा।

## रक्षा मंत्री राजनाथ ने कोलंबो में श्रीलंका के राष्ट्रपति से मुलाकात की

# तोपों और शैक्षणिक सहयोग पर हुआ एमओयू

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कोलंबो में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच पारंपरिक रूप से सौहार्दपूर्ण संबंधों और आपसी विश्वास पर आधारित बहुआयामी साझेदारी के महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

दोनों पक्षों ने घनिष्ठ पड़ोसी और समुद्री साझेदार होने के नाते, भारत और श्रीलंका अपने विकास और जन कल्याण के लिए मिलकर निरंतर काम करने के साथ-साथ क्षेत्र की सुरक्षा, शांति और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए भी संयुक्त रूप से कार्य करने के प्रति अपनी इच्छा दोहराई।

**भारतीय रक्षा बलों द्वारा निर्मित तीन बेली पुलों का वर्चुअल तौर पर उद्घाटन किया**

रक्षा मंत्री ने पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं देते हुए इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों के नागरिक मजबूत ऐतिहासिक और सभ्यतागत संबंधों के साथ-साथ जन-जन के आदान-प्रदान पर आधारित गहरी मित्रता साझा करते हैं। दोनों नेताओं ने भारतीय रक्षा बलों द्वारा निर्मित तीन बेली पुलों का वर्चुअल तौर पर उद्घाटन किया।


राजनाथ सिंह और राष्ट्रपति दिसानायके बेली पुलों का उद्घाटन करते हुए

### तीन बेली पुलों का उद्घाटन

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने भारतीय रक्षा बलों द्वारा निर्मित तीन बेली पुलों का वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए उद्घाटन किया। दोनों पक्षों ने श्रीलंकाई वायुसेना के लिए एल-70 तोपों के उन्नयन तथा भारत और श्रीलंका के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) और राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालयों (एनडीसी) के बीच सहयोग से संबंधित समझौता ज्ञापनों का भी आदान-प्रदान किया। श्रीलंकाई वायुसेना की छह एल-70 तोपों के उन्नयन से संबंधित समझौता ज्ञापन भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाले अनुदान के तहत है।

### *श्रीलंका अपनी जमीन पर भारत विरोधी गतिविधि नहीं होने देगा*

*रक्षा मंत्री का हार्दिक स्वागत करते हुए राष्ट्रपति दिसानायके ने पीएम मोदी के साथ अपनी मुलाकातों को याद करते हुए दोहराया कि श्रीलंका कभी भी अपनी धरती को भारत के सुरक्षा हितों के प्रतिकूल किसी भी गतिविधि के लिए इस्तेमाल नहीं होने देगा। उन्होंने चक्रवात दितवाह के दौरान सागर बंधु अभियान के तहत भारत द्वारा प्रदान की गई राहत सहायता और द्वीप के विभिन्न हिस्सों में पुनर्निर्माण और पुनर्वास कार्यों के लिए भारत द्वारा दिए गए व्यापक पुनर्वास पैकेज को लेकर आभार व्यक्त किया।*

## फिनटेक निर्यात में 10% हिस्सेदारी का लक्ष्य

# डीपीआईपी के लिए 23 देशों संग भारत ने किया एमओयू

एजेंसी ▶▶| मुंबई


राजेश अग्रवाल

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बुधवार को मुंबई में आयोजित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में कहा कि भारत को अपनी फिनटेक क्षमताओं, विशेष रूप से यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) के अनुभव का उपयोग करते हुए वैश्विक बाजारों में विस्तार करना चाहिए। भारत के पास विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के देशों में अपनी डिजिटल भुगतान और वित्तीय प्रौद्योगिकी सेवाओं का विस्तार करने का बड़ा अवसर है।वैश्विक स्तर पर फिनटेक सेवाओं का बाजार तेजी से बढ़ रहा है और यदि भारत इस व्यापार में केवल 10 प्रतिशत हिस्सेदारी भी हासिल कर लेता है, तो देश का फिनटेक सेवा निर्यात मौजूदा 8 अरब डॉलर से बढ़कर 60 से 80 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।

उन्होंने बताया कि भारत पहले से ही अपने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना मॉडल को अन्य देशों तक पहुंचाने की दिशा में काम कर रहा है। इस उद्देश्य से भारत ने अब तक लगभग 23 देशों के साथ डीपीआई सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।




## विशेष अभियान में खुलासा

# झारखंड वोटर लिस्ट में मिले 3 अफगान नागरिक

एजेंसी ▶▶| जमशेदपुर

जमशेदपुर में चल रहे विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के दौरान एक मामला सामने आया है। यहां मतदाता सूची के सत्यापन में तीन विदेशी नागरिकों के नाम वोटर लिस्ट में दर्ज पाए गए हैं। जांच में पता चला कि ये तीनों व्यक्ति अफगानिस्तान के नागरिक हैं और इनके नाम पहले से मतदाता सूची में शामिल थे। अनुमंडल पदाधिकारी अर्नब मिश्रा ने बताया कि जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची के सत्यापन के दौरान आसिल खान, मोहम्मद असलम और मोहम्मद इब्राहिम नाम के तीन व्यक्तियों के दस्तावेजों में गड़बड़ी मिली। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उन्हें नोटिस जारी किया।

**अब पता लगाया जा रहा कैसे बने वोटर**

नोटिस के जवाब में जरूरी दस्तावेज जमा नहीं करने पर उनके पासपोर्ट की जांच की गई। इसमें उनके अफगानिस्तान का नागरिक होने की पुष्टि हुई। दोषी पाए जाने पर इन लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सिस्टम में तकनीकी खराबी का दूसरा दिन

# ब्रिटेन में 2000 फ्लाइट कैंसल ढाई लाख यात्री हलाकान



एजेंसी ▶▶| लंदन

ब्रिटेन में हवाई सफर करने वाले हजारों यात्रियों के लिए मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में आई तकनीकी खराबी के बाद बुधवार को लगातार दूसरे दिन भी फ्लाइट्स की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई है। दो दिनों में 2,000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं, जबकि बड़ी संख्या में उड़ानें घंटों देरी से चल रही हैं। इसका असर ब्रिटेन के कई बड़े एयरपोर्ट्स पर देखने को मिल रहा है। हीथ्रो, गेटविक, मैनचेस्टर और स्टैनस्टेड जैसे एयरपोर्ट्स पर यात्रियों की भीड़ और अव्यवस्था का माहौल है। 250,000 से ज्यादा यात्रियों को अपनी फ्लाइट के बारे में घंटों इंतजार करना पड़ा, जबकि कुछ को एयरपोर्ट पर ही रात गुजारनी पड़ी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28